प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053
INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com
वर्ष-3 | अंक-37 | मथुरा, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# ब्रजवासी पी गए 750 करोड़ रुपए की शराब

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** योगीराज भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीड़ा स्थली ब्रजभूमि के बारे में विभिन्न पुराणों में लिखा है कि कभी यहां दूध और दही की नदियां बहा करती थीं। आज इस ब्रजभूमि में मदिरा का जमकर हिलोर मार रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अकेले मथुरा में 750 करोड़ रुपए की शराब को ब्रजवासी गटक गए, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 78 करोड़ रुपये अधिक हैं। इससे यह लगता है। वर्ष दर वर्ष शराबियों की संख्या में अणुव्रत बढ़ोतरी हो रही है।

जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 जनपद के आबकारी विभाग द्वारा संचालित अधिकृत शराब की दुकानों से 750 करोड़ रुपए की शराब बिक्री से राजस्व प्राप्त हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की अपेक्षा 78 करोड़ अधिक है। श्री सिंह ने बताया वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यवस्थापन आदि कार्यों



से 107 करोड़ रूपया मथुरा जनपद से आबकारी विभाग को राजस्व के रूप में मिला है जो पिछली बार की अपेक्षा काफी अधिक है। आबकारी अधिकारी ने बताया विगत वित्तीय वर्ष के दौरान तस्करी के मामले 637 पकड़े गए। जबकि इस वर्ष कुल 588 मामले पकड़े गए। तस्करों से पकड़ी गई शराब की कीमत भी करोड़ों में है। इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा शराब कम बरामद हुई है। आबकारी विभाग ने पुलिस के सहयोग से 29 वाहन बरामद किए गए हैं जो शराब तस्करी में पकड़े गए हैं जबकि पिछली वर्ष कुल 23 वाहन ही पकड़े गए थे। इस बार 148 लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल

## इस बार 78 करोड़ रूपये की अधिक बिकी शराब

## लेकिन जिला तस्करी की शराब पकड़ने में पिछड़ा

भेजा गया। आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि मथुरा जनपद की सीमा हरियाणा और राजस्थान से जुड़ी हुई है हरियाणा से देश के विभिन्न भागों में तस्करी के माध्यम से शराब भेजी जाती है जो हमारे जिले से होकर गुजरती है यह हमारे विभाग के लिए बड़ी समस्या है। सीमित संसाधनों के बाबजूद आबकारी विभाग और पुलिस के सामंजस्य से तस्करी की शराब पर अंकुश लगाकर तस्करों की नकेल डालने का काम अनवरत जारी है और आगे भी रहेगा। किसी भी कीमत पर शराब की तस्करी नहीं होने दी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई समेत 30 जज अपनी संपत्ति करेंगे घोषित

**यूनिक समय, नई दिल्ली,मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने अपनी संपत्ति घोषित करने का ऐलान किया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को भी अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट ने यह तय किया है कि जजों को पद संभालते ही अपनी संपत्तियों का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना चाहिए। सीजेआई और जज अपनी संपत्तियों का पूरा ब्यौरा स्वेच्छा से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक करेंगे। मौजूदा समय में सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट में कुल 30 जजों ने अपनी संपत्तियों का ब्यौरा घोषित किया है।

इन जजों से देश के सभी हाईकोर्ट, जिला न्यायालय, तहसीलों के न्यायालयों के न्यायाधीश प्रेरणा लेकर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करेंगे। इसकी चर्चा आज जनपद न्यायालय में अधिवक्तागण अपने अपने चैम्बरें में करते हुए दिखाई दिए। बता दें कि यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है, जब हाल ही में जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से कैश बरामद किया गया था। कैश मिलने के मामले की जांच के लिए सीजेआई संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ तीन सदस्यीय आंतरिक जांच शुरू की थी।

# बाटी के प्रधान को लगा एसडीएम न्यायालय से झटका

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद की ग्राम पंचायत बाटी ब्लॉक मथुरा में धनगर लिखवाकर फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण से बना प्रधान एसडीएम न्यायालय सदर ने बर्खास्त कर दिया है। 2021 के पंचायत चुनाव में फर्जी जाति प्रमाणपत्र के सहारे संजय बघेल प्रधान निर्वाचित घोषित हुए थे।

बता दें कि जनपद गाजियाबाद से अपनी जाति गड़रिया जो पिछड़े वर्ग में शामिल है को छुपाकर कूटरचित तरीके से फर्जी धनगर लिखवाकर जाति प्रमाण पत्र बनवाया। जो जांच में फर्जी पाया गया। जिला स्कूटनी कमेटी गाजियाबाद ने तीन बार इस प्रमाणपत्र को पूर्व में निरस्त कर दिया। उसके बाद कमिश्नर मेरठ के यहां संजय बघेल ने अपील करते हुए अपना प्रमाण पत्र वैध बताया लेकिन कमिश्नर मेरठ ने भी उसके जाति प्रमाणपत्र को निरस्त कर दिया। चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे

## बाटी के प्रधान पद से किया बर्खास्त

## धनगर जाति के प्रमाणपत्र को माना फर्जी

## रिट पिटीशन पर एसडीएम सदर ने दिया आदेश

पूर्व प्रधान प्रेमचंद ने एसडीएम न्यायालय सदर इसकी अपील चुनाव याचिका के रूप में डाली थी। चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए एसडीएम सदर न्यायालय ने प्रधान संजय बघेल की याचिका पर दिए आदेश में प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया। क्योंकि धनगर कोई जाति नहीं है। प्रधान संजय बघेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# हाईकोर्ट से डीपीआरओ किरन चौधरी को राहत

**यूनिक समय, मथुरा।** आखिर कार दो माह बाद जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी को हाईकोर्ट से आज राहत मिल गई। सीबीआई कोर्ट से उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के यहां इलाहबाद हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। जिस पर आज हाईकोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए उन्हें जमानत दे दी है।




### शिक्षा निदेशालय ने लिया फैसला

# बेसिक व माध्यमिक स्कूलों में यातायात नियम पढ़ेंगे बच्चे

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश में यातायात नियमों के पालन में अनदेखी और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार अब बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक नियम का पाठ शामिल करने की तैयारी कर रही है। यह पाठ्यक्रम बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा आठ तक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक के कोर्स में शामिल होगा। छोटी उम्र से ही छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। इसके लिए शासन की ओर से निर्देश भी जारी हो गए हैं। अभी तक देखने में आ रहा था कि जनपदों में यातायात पुलिस और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी जागरूकता रैलियों और कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते रहे हैं। यातायात नियमों की पढ़ाई को शिक्षा विभाग ने अनिवार्य पहली बार किया गया है।शासन की ओर से नए शिक्षण




सत्र में इसका पाठ्यक्रम जोड़ने के निर्देश के दिए जाने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही स्कूल बस, वैन संचालकों व चालकों के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसमें चालक, परिचालक की वर्दी, उनके कर्तव्य के बारे में बताया गया है। साथ ही ब्लैक स्पॉट पर सावधानियां बरतते हुए वाहनों की स्पीड 20 किलोमीटर प्रति घंटा रखने और ओवरटेक न करने की सलाह दी गई है।

डीआईओएस रवीन्द्र सिंह ने बताया कि हादसों की रोकथाम के लिए छात्रों को यातायात के नियम सिखाए जाएंगे। इसलिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। लगातार हादसों में हो रही मौतों को देखते हुए शासन ने इन पर अंकुश लगाने की रणनीति तैयार की। शासन ने निर्देश जारी किया गया है कि जिले में हर महीने और मंडल स्तर पर हर तीन महीने में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करें।

### राष्ट्रीय राजमार्ग, लोकल मार्गों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए लिया निर्णय

जिलों में होने वाले हादसों की वजह पर चर्चा करें। इसकी रिपोर्ट हर महीने ट्रैफिक निदेशालय के जरिये शासन में भेजने के लिए कहा गया है। दूसरी ओर शहर में विभिन्न मार्गों पर दो दर्जन ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने पर काम शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई और तमाम विभागों के साथ बैठक करने के बाद इन ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने का प्रयास किये जाएंगे।

एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव ने बताया कि पुलिस के कर्मी स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर छात्रों को जागरूक कर रहे हैं। जिले में हो रहे हादसे रोकने के लिए जो भी निर्देश शासन ने जारी किए हैं, उनका पालन कराया जा रहा है।




## ब्रज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्री गंगा लोक कल्याण सेवा संस्थान के सांस्कृतिक प्रकल्प बाँसुरी के तत्वावधान में 19 एवं 20 अप्रैल को कृष्णा फनलैंड सिनेमा में होने वाले द्वितीय ब्रज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए आयोजन समिति पोस्टर का विमोचन किया। फेस्टिवल फाउंडर विनय गोस्वामी ने बताया कि इस बार फिल्म फेस्टिवल में शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडिओज़, डॉक्यूमेंट्री और फीचर फिल्म के रूप में रहेंगी। बांसुरी के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि आयोजन में मुख्य संरक्षक डॉ. अचला नागर फिल्म लेखिका मुंबई, फिल्म अभिनेता ब्रजेन्द्र काला, फिल्म एवं सीरियल निर्माता एवं निर्देशक सिद्धार्थ नागर उपस्थित रहेंगे।

अनूप शर्मा ने बताया फिल्म अभिनेत्री सांसद हेमा मालिनी को मुख्य अतिथि के रूप से आमंत्रित किया जा चुका है। इस मौके पर संस्था सचिव विवेक आचार्य, अभय वशिष्ठ, फेस्टिवल डायरेक्टर सूरज तिवारी, लीलावन के मैनेजिंग डाइरेक्टर सुरेंद्र उतरेजा, संजय गोस्वामी, अतुल श्रीवास्तव, सीता अग्रवाल, शशि शुक्ला, पवन गोस्वामी, अवधेश अग्रवाल तथा मनोज राठौर उपस्थित थे।

## नगला माना में निकली स्कूल चलो रैली

**यूनिक समय, मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला माना विकास खंड मथुरा में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। वार्षिकोत्सव एवं मथुरा ब्लॉक के सभी एआरपीएस और कक्षा आठवीं के छात्रों का विदाई दी गई।

## वृंदावन की छात्रा ने योगी के सामने दिया भाषण


लखनऊ के विधानसभा भवन में 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम से भाग लेकर लौटकर आने पर आईओपी की छात्रा का माला स्वागत करते शिक्षक व प्राचार्य।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** आई.ओ.पी. की छात्रा हिमांशी पाण्डेय ने विधानसभा भवन, लखनऊ में 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केबिनेट मंत्रियों के सामने भाषण देकर ब्रज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में भाग लेकर लौटकर आने पर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर और एनएसएस की छात्रा हिमांशी पाण्डेय का कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पीके सारस्वत समेत सभी शिक्षकों ने सम्मानित किया। कहा कि सभी स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। हिमांशी पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सामने भाषण देने का अलग अनुभव हुआ। खुशी हुई कि बांके बिहारी की भूमि वृन्दावन से एक मात्र वह प्रतिभागी थी। यह पल मेरे लिए अविस्मरणीय रही। इस अवसर पर प्रो. अनंत कुमार यादव, डॉ. के. एल. अग्रवाल, डॉ. वींरेंद्र कुमार शर्मा, विवेक शर्मा, सुनीत शुक्ला, हेमेंद्र कुमार, डॉ. अनुज कुमार, श्रीमती मृदुला पाण्डेय, पवित्र गोस्वामी एवं धर्मेंद्र कुमार, उपस्थित थे।

# यातायात माह अभियान में 225 गाड़ियों को किया सीज

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात माह के दौरान दूसरे दिन यातायात पुलिस एवं एआरटीओ कार्यालय के अधिकारियों ने करीब 225 आटो, ई–रिक्शा एवं ओवर लोड वाहनों के चालान किए। इसको लेकर पूरे शहर में हड़कंप मचा रहा।

एआरटीओ कार्यालय में ऑटो और ई–रिक्शा चालकों की भीड़ धीरे–धीरे देखी जा रही है, क्योंकि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी सार्वजनिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र को अद्यतन कराना अनिवार्य किया गया है। एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और यह देखना है, कि सभी वाहन यातायात नियमों के अनुरूप हैं या नहीं। आरटीओ


सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में फिटनेस को आए ऑटो।

अधिकारियों द्वारा वाहनों की फिटनेस जांची जा रही है, जिसमें ब्रेक, लाइट, इंडिकेटर, टायर की स्थिति और प्रदूषण स्तर जैसी चीजें शामिल हैं, यदि जो वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं करते है, तो उनकी गाड़ियों को सीज कर उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान से आए दिन हो रहीं सड़क दुर्घनाओं पर लगाम लग सकता है।

एआरटीओ मनोज कुमार ने बताया कि इस दौरान कई ऑटो और ई-रिक्शा चालक अपनी गाड़ियों का फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कतार में लगे नजर आ रहे हैं। इस माह के दूसरे दिन वाहन चालक अपने

### फिटनेस के लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ी

### ऑटो व ई–रिक्शा पर लगाई जाएगी रेट लिस्ट

### अब नहीं चलेगी किसी की मनमानी

वाहनों को लेकर आ रहे है, पहले दिन करीब 10 वाहनों का फिटनेस हुआ है, बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें चालान और वाहन जब्ती भी शामिल हो सकती है। जिस ऑटो व ई–रिक्शा पर रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है उन पर भी शीघ्र ही लगवाए जाने पर विचार किया जा रहा है ताकि जो वाहन चालक बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से मनमानी करते है, ऐसे लोगों पर लगाम लगायी जा सकें।

# शौचालय में लगी आग से मची अफरा–तफरी

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल के पास बने पार्क के शौचालय में लगी भीषण आग से अफरा तफरी मच गई। गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल के पास बने पार्क के शौचालय में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग की वजह से आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड को कॉल लगाने की कोशिश की लेकिन नंबर नहीं लगा।


शौचालय में लगी आग का नजारा



# अड़ींग पंचायत में लोगों को मिल रहा फ्री बिजली-पानी!

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिस जल कर की धनराशि की वजह से अड़ींग पंचायत को एक सांसद की पंचवर्षीय निधि से भी ज्यादा धनराशि 39 करोड़ रुपये की परफॉर्मेंस ग्रांट मिली। वहां जल कर की उगाही बंद है। गांव में लगे कई सबमर्सिबल भी बगैर बिजली कनेक्शन के चल रही हैं। विभाग की नजर फिरी तो ग्रामीण पेयजल संकट का शिकार हो जाएंगे। चार साल में मूलभूत आवश्यकता वाली 187.71 लाख रुपये में बनने वाली ओवरहैड पानी की टंकी के निर्माण की किसी जिम्मेदार ने सुध तक नहीं ली है। विदित हो कि एक दशक पहले अड़ींग पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए सामान्य 10 महीने का शुल्क लिया जाता था। इसे सरकारी मद में जमा किया जाता है। इसी धन से

### बगैर कनेक्शन के कई सालों से चल रहीं छह सबमर्सिबल

### विभाग की नजर तिरछी हुई तो पानी को तरसेगा गांव

### 39 करोड़ रूपये की ग्रांट, चार साल में नहीं बनी 187 लाख रूपये से ओवरहैड टंकी

पेयजल आपूर्ति के खर्चे निकाले जाते। जरूरत पर ही अन्य मद का धन व्यय होता। शासन ने अपने संसाधनों से धन अर्जित करने वाली पंचायतों को परफॉर्मेंस ग्रांट दी इसमें अड़ींग पंचायत को 39 करोड़ रुपये की धनराशि मिली। इस पानी के कर की एवज में यह धनराशि मिली चालू पंचवर्षीय के चार साल बाद भी पानी की टंकी बनने का काम शुरू नहीं हुआ। दो सोलर संचालित आर ओ एटीएम तैयार होकर भी चालू नहीं किए। इन्हें चलाने को कोई मीटिंग नहीं हुई। इन्हें पंचायत खुद चलाएगी या पीपीटी मोड में लीज पर देगी इसका कोई कर निर्धारण नहीं हुआ है। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि अड़ींग गांव व पंचायत के मजरों में करीब आठ सबमर्सिबल पेयजल के लिए लगी हैं। इनमें से ज्यादातर सालों से बिजली विभाग की मेहरबानी से बगैर कनेक्शन के चल रही हैं। पंचायत के प्रधान व पंचायत सचिव ने कनेक्शन कराना भी जरूरी नहीं समझा। यदि विभाग केबिल काट दे तो गांव के लोग पानी को तरस जाएगा। बीते दिनों विद्युत विजिलेंस टीम ने छापामारी कर अवैध रूप से विद्युत उपभोग होता पाया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

### आठ विद्युत कनेक्शन, आरोप हैं झूठे

पंचायत सचिव रामवीर सिंह ने बताया कि इन सबमर्सिबल को चलाने के लिए ग्राम पंचायत अड़ींग ने आठ विद्युत कनेक्शन से चलवाये जा रहे हैं। इसकी सूची विजिलेंस की टीम जांच को आई थी उसको दे दी गई है सभी आरोप निराधार हैं।




## मनकामेश्वरी मंदिर पर रक्तदान शिविर

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** युवा ब्राह्मण संगठन एवं रक्तदाता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर गणेश बाग में रक्तदान शिविर लगाया। शुभारंभ मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर एवं मेला संचालक मनोज नागर ने किया। अमित गोयल ने बताया कि शिविर में 31यूनिट रक्तदान हुआ। योगेश शर्मा एवं कुलदीप शास्त्री ने सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### आज का शब्द

**"अतिशयोक्ति"**

क्या है अतिशयोक्ति शब्द!

**अर्थः** किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहने की शैली, वास्तविकता से अधिक वर्णन करना।

**वाक्य में प्रयोगः** उनके भाषण में अतिशयोक्ति का प्रयोग अधिक था, जिससे बातें अविश्वसनीय लगने लगीं।

जेडब्ल्यूसी की समीक्षा

## सभी विभाग आपस में सामंजस्य बैठा कर करें कार्य:सीडीओ



सीडीओ कार्यालय में सहकारिता, पशुपालन, दुग्ध विकास विभाग की जेडब्ल्यूसी कार्यों की समीक्षा करते मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी/ संयुक्त कार्य समिति के अध्यक्ष मनीष मीना ने अपने कार्यालय में जेडब्ल्यूसी की समीक्षा बैठक की। समीक्षा करते हुए सहकारिता विभाग, दुग्ध विभाग एवं मत्स्य विभाग को निर्देश दिए गए कि जनपद में अनाच्छादित एवं अल्पलेवित ग्राम पंचायतों/ ग्राम प्रधानों निष्क्रिय सहकारी समितियों का चिन्हांकन करते हुए निष्क्रिय पड़ी समितियों को पुनः संचालन प्रारंभ करने पर जोर दिया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने सीडीओ को अवगत कराया कि निष्क्रिय समितियों एवं परिसमापन के अंतर्गत समितियों की संख्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने निष्क्रिय समितियों को पुनः सक्रिय की कार्यवाही होने के बारे में अवगत गया। सहकारिता विभाग की 25 नई समितियों का भी तुरंत गठन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में 84 नई समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मत्स्य विभाग द्वारा वर्ष 2025-2026 में नई समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित करते बंद पड़ी समितियों को पुन आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## निकासा बवाल पर एसएचओ पर गिरी गाज

**यूनिक समय, कोसीकलां।** मुस्लिम बाहुल्य मोहल्ला निकासा में ईद से पूर्व हुए बवाल की गाज थाना प्रभारी अजित सिंह पर भी गिर गई। सोशल मीडिया पर इसको लेकर जोरदार बहस छिड़ी हुई है। वहीं निकासा में भी इस कार्रवाई को लोग जीत की नजर से आंक रहे हैं। इससे पूर्व पिटाई के शिकार हुए तीन पुलिस कर्मियों को भी लाइन हाजिर कर दिया गया था। दरअसल मोहल्ला निकासा में 27 मार्च की रात को तीन पुलिसकर्मियों को भीड़ ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा था। इस घटना ने पुलिस के इकबाल पर सवालिया निशान लगा दिए थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में करीब 24 नामजद एवं 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के कुछ दिन बाद ही पिटाई के शिकार हुए तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया था। मामला शांत था लेकिन दो दिन पूर्व पुलिस ने दबिश के रूप में पलटवार किया तो पकड़े गए लोगों ने पुलिस पर तमाम आरोप लगाए थे।

आरोपों के हो हल्ला और विपक्षी नेताओं की विरोधी बयानबाजी के बीच प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह का तबादले की सूचना ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया। तबादले को निकासा के बवाल से जोड़कर लोग देख रहे हैं। माना जा रहा है कि निकासा कांड की गाज प्रभारी निरीक्षक पर गिरी है। हालांकि कुछ लोग इसे सामान्य प्रक्रिया बता रहे हैं तो निकासा में लोग इसे अपनी जीत के तौर पर देख रहे हैं। सवाल जवाब भले ही उफान पर हों लेकिन फिलहाल पुराने प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह के स्थान पर अरविंद कुमार निर्वाल ने चार्ज संभाल लिया है। अब देखना होगा कि वे निकासा मामले को किस प्रकार संभालेंगे।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा, गंभीर घायल

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नंदगांव रोड पर एक रोडवेज बस ने बाइक सवार को बुरी तरह से रौंद दिया और काफी दूर तक घसीटकर ले गई। राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद बस के नीचे फंसी बाइक एवं युवक को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे अस्पताल के लिए भेजा है। घटना गुरुवार की सुबह कोसी-नंदगांव रोड पर हरीपुरा गांव के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेजगति से दौड़ रही राजस्थान रोडवेज बस ने आगे जा रहे बाइक सवार को पहले टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया।

इस भीषण दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बस के नीचे फंसे बाइक सवार को बाहर निकाला। घायल युवक की पहचान इंदर पुत्र उदयराम 42 वर्ष निवासी गांव धमसींगा के रूप में हुई। लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## फूल बंगला एवं भजन संध्या छह को

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** पथवारी माता मंदिर में 6 अप्रैल को सायं चार बजे 6 वां फूल बंगला एवं भजन संध्या होगी। यह जानकारी किशनचंद शर्मा ने दी।






# कान्हा की नगरी में गूंजे यमुना महारानी के जयकारे



माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संयोजक महेश पाठक व अन्य विश्राम घाट पर यमुना महारानी का पूजन करते हुए।



श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी विश्राम घाट पर यमुनामहारानी का पूजन करते हुए।

## भक्तों ने यमुना का पूजन कर निकाली शोभायात्रा

**यूनिक समय, मथुरा।** कालिंदी यमुना महारानी के जन्मोत्सव (यमुना छठ) पर गुरुवार सुबह से जगह-जगह पतित पावनी यमुना मैया का पूजन किया। भक्तों ने यमुना किनारे पहुंचकर विधि विधान से यमुना का दूध से अभिषेक किया। सुबह मंगला आरती के साथ शुरू हुआ पूजन देर रात तक चलता रहा। इस दौरान यमुना जल के शुद्धिकरण का संकल्प विभिन्न संगठनों व भक्तों ने लिया।

श्री माथुर चतुर्वेद परिषद ने गुरुवार की शाम को यमुना जयंती पर शोभायात्रा निकाली। परिषद के पदाधिकारियों ने यमुना का पूजन कर आरती की। परिषद के मुख्य संयोजक महेश पाठक ने सभी पदाधिकारियों, भक्तों व सदस्यों को यमुना के जल को शुद्ध कराने का संकल्प दिलाया। शाम को विश्राम घाट से बैंड–बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें प्रोजेक्टर आत्मनिर्भर झांकी, श्री माथुर चतुर्वेद परिषद, गणेशजी, श्रीनाथजी की झांकी शोभायात्रा में शामिल रही। जगह–जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। लोगों ने मां यमुना की आरती उतारी। यमुनाजी का फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग के दर्शन हुए। इससे पहले सुबह श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के कार्यालय के नीचे सुबह परिषद के मुख्य संरक्षक व अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक, संरक्षक गिरधारी लाल पाठक, नवीन नगर, महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से यमुना का पूजन किया। मनोज पाठक, संजय एल्पाइन, नीरज चतुर्वेदी, राजकुमार, अनिल चतुर्वेदी, संजीव चतुर्वेदी, अरविद चतुर्वेदी ने परिषद के पदाधिकारियों के साथ यमुना के जल को शुद्ध कराने का संकल्प लिया। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने कहा, अब वह दिन दूर नहीं, जब मां यमुनाजी का जल प्रदूषण मुक्त होगा। संचालन महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, गिरधारी लाल पाठक, नवीन नागर, दिनेश पाठक,उमाकांत चतुर्वेदी एड., शिव कुमार चतुर्वेदी, सोमनाथ चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी, प्रवीन चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, योगेन्द्र चतुर्वेदी, मनोज चतुर्वेदी तथा संजय चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।



स्वामी घाट पर यमुना महारानी की पूजा करते परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा।

## यमुना छठ पर यमुना महारानी का अभिषेक और पूजा की गई

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना छठ पर परशुराम शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में ऐतिहासिक तीर्थ स्वामी घाट पर यमुना महारानी का पंचामृत अभिषेक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा के साथ अन्य पदाधिकारियों ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में यमुना महारानी के विग्रह का पूजन कर पंचामृत अभिषेक आचार्य बलदेव के नेतृत्व में कराया गया। कार्यक्रम के अंत में यमुना महारानी की आरती की गई। शाम को यमुना महारानी का फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग के मध्य यमुना महारानी के भक्तों ने दर्शन किए।



यमुना महारानी मंदिर विश्राम घाट पर यमुनाजी का जन्माभिषेक करते सेवायत।

## यमुना मंदिर में हुआ अभिषेक



विश्राम घाट स्थित यमुना मंदिर में दर्शनों को उमड़े भक्त।

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्राम घाट स्थित यमुना जी मंदिर पर आज यमुना महारानी का सेवायतों ने जन्माभिषेक पंचामृत से किया।

जन्माभिषेक दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लग गया। इस अवसर पर यमुना महारानी के दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जैसे ही मंदिर के सेवायतों ने अभिषेक प्रारंभ किया तो भक्त जय जयकार करने लगे।



यमुनाजी का विश्राम घाट पर पूजन करते श्रद्धालु।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान से निकाली कलश शोभायात्रा

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य प्राकट्य जन्मस्थली से परंपरागत श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में यमुना षष्ठी पर आज मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

श्री यमुना महारानी के पूजन हेतु निकाली गयी मंगल शोभायात्रा हेतु आज सुबह से ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में विशेष उत्सव का माहौल रहा। प्रातः गाजे–बाजे के साथ यमुना पूजन हेतु एक भव्य मंगल कलशयात्रा श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रांगण में स्थित श्रीकेशवदेवजी मंदिर से प्रारंभ हुई। इस भव्य शोभायात्रा में मंगल कलश व पूजन सामग्री लिये एवं मांगलिक परिधान धारण किये महिलाएं तथा उद्दाम संकीर्तन करते हुये महिला–पुरूष भक्तगणों ने संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग को श्रीकृष्ण एवं श्रीयमुनाजी के प्रेम में सराबोर कर दिया। विश्राम घाट पर पहुँचने पर बैण्ड–बाजों की सुमधुर ध्वनि में भावविभोर भक्तजन श्रीयमुनाजी की भक्ति में लीन होकर नृत्य कर उठे। विश्राम घाट पर विद्वान पण्डितों द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा–संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के सभी भक्तजन आदि को पूजन से पूर्व 'अविरल यमुना–निर्मल यमुना' का संकल्प कराते हुये विधिविधान पूर्वक पूजन किया। सभी भक्तजन को प्रसाद वितरण किया गया। श्रीयमुनाजी के दुग्धाभिषेक एवं पूजन के मध्य भक्तजनों द्वारा अर्पित की गयी पूजा सामग्री से श्रीयमुनाजी का जल और भी सुन्दर दिखने लगा। दूध की धारा एवं पुष्पों की वर्षा से यमुनाजल में एक अनूठी व चित्ताकर्षक छटा उत्पन्न हो गयी। श्री यमुनाजी के पूजन में श्रीकृष्ण जन्मस्थान संस्थान के उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, नारायण राय, गिर्राज शरण गौतम, कुमोद कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारियों के साथ–साथ श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के अनिलभाई ड्रेसवाले व अन्य सदस्य आदि के अलावा नगर के तमाम श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहे।



श्री कृष्ण जन्मस्थान से निकाली गई कलश शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लेकर चलती हुई।



## नरी सेमरी में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# भजनों पर महिला श्रद्धालु थिरकीं



नरी सेमरी देवी मंदिर में दर्शन को उमड़े सैलाब का नजारा।



वृंदावन स्थित मां कात्यायनी देवी के दर्शन करते श्रद्धालु।

संवाददाता

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** छाता क्षेत्र के गांव सेमरी में चल रहे नरी सेमरी देवी मेले में गुरुवार को हजारों श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा। देवी भवन में विभिन्न श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन व सत्संग किए। मंदिर के पुजारी क्षेत्रपाल व महावीर ने बताया कि मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं रेला लगा रहा। भक्तों ने देवी की पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी। इससे पूर्व देवी कुण्ड में भक्तों ने स्नान और आचमन किया। महिला श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। देवी की जात लगाने वाले श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन कराया। इस दौरान मंदिर में प्रेमसिंह, हरभजन, वीरपाल, राजपाल, हरभजन, श्याम तथा तेजपाल आदि पुजारियों ने मंदिर की व्यवस्थाओं की देखभाल की और पुलिसफार्स भीड़ को नियंत्रित करने में लगी रही। एक तरफ मेले प्रांगण में लगी दुकानों पर श्रद्धालु खरीदारी करते नजर आए तो दूसरी ओर मेले में लगे विभिन्न झूला, सर्कस आकर्षण का केन्द्र रहे। झूला, सर्कस पर हजारों श्रद्धालुओं ने मनोरंजन किया। मेला प्रभारी अमित चौहान ने बताया कि मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है, पुलिस प्रशासन की मेले में चप्पे–चप्पे पर नजर है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्र, चौकी इंचार्ज महेन्द्र सिंह भदौरिया, ठेकेदार अशोक भार्गव एवं राजू भार्गव आदि मौजूद थे।

## मां कात्यायनी देवी के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**यूनिक समय, वृंदावन।** आज सुबह से दोपहर और सायं से रात्रि तक मां कात्यायनी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चैत्र की नवरात्रि में छठ मां कात्यायनी की होती है। इस कारण मां कात्यायनी देवी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से आना शुरू हो गया। आरती के समय तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। सायं को मंदिर के बाहर मेला जैसा नजारा था।



अठारहवीं पुण्यतिथि

स्व॰ श्री हरी सिंह वर्मा

(रि॰ प्रवक्ता के॰ आर॰ इं॰ कॉलेज)

हम सभी परिवारीजन आपके बताये हुये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुये आपको, अठारहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।

श्रद्धानवत

सरिता-मुकेश (पुत्री-दामाद)
राहुल, मुकुल, प्रखर, हर्ष, गौरव, प्रतीक (नाती)

आर.के. सिंह-स्व. निर्मला
सत्येन्द्र कुमार वर्मा-स्व. निरुपा
स्व. पी.के. सिंह-नीरा
हेमेंद्र मोहन-रेखा, नगेन्द्र-बबीता
(पुत्र-पुत्रवधू)

समस्त परिवारीजन

प्रतिष्ठान

- Fragrances specialities
- Shupra fragrances and flavours
- Golden Bricks HR Solutions pvt. Ltd
- Aira Fragrances

Mob.: 9837002200, 9927029600

## आरती घाट पर यमुना की महाआरती



यमुना छठ पर वृंदावन स्थित केसीघाट (आरती घाट) पर यमुना महारानी की महाआरती करते संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** यमुना छठ पर केसी घाट (आरती घाट) का नजारा अदभुत नजर आ रहा था। विद्युत की रंग बिरंगी रोशनी के मध्य यमुना महारानी की प्रतिमा को हर कोई निहारता नजर आया। क्या अदभुत श्रृंगार था। संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा ने यमुना महारानी के विग्रह का अभिषेक कर यमुना का पूजन किया। आरती घाट पर बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पहले दुग्धाभिषेक और फिर पुष्प अर्पित किए।

### संत आनंद स्वरूप ने श्रद्धालुओं को यमुना स्वच्छता का संकल्प दिलाया

धूप आरती के बाद संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा ने महाआरती का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को यमुना को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

### राया में कवि सम्मेलन चार अप्रैल को

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** कस्बा के गणेशबाग स्थित मन्कामेश्वरी देवी मंदिर पर कवि सम्मेलन चार अप्रैल को सायं सात बजे होगा। समिति के अध्यक्ष विशाल पाराशर ने बताया कवि सम्मेलन में डॉ. ओमपाल निडर, डॉ. सुनहरी लाल, उमाशंकर राही, हरिओम हरि, अंजीम अंजुम, विनीत गौतम, देवीप्रसाद गौड़ आदि हास्य व्यंग्य ओज कवि कार्यक्रम में भाग लेंगे। मेला संचालक मनोज नागर ने क्षेत्रीय लोगो से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# वृंदावन में यमुना पर बनेगा सिग्नेचर ब्रिज

## 400 करोड़ की योजना को मिली मंजूरी



सीईओ श्याम बहादुर सिंह

**यूनिक समय, वृंदावन (मथुरा)।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने यमुना पर जर्मन तकनीक से सिग्नेचर ब्रिज बनाने की योजना तैयार की है, जिसकी लागत 400 करोड़ रुपये के आसपास अनुमानित है। यह ब्रिज वृंदावन वाईपास को श्री बाँकेबिहारी मंदिर से जोड़ने का कार्य करेगा, जिससे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक पहुंच आसान होगी।

हाल ही में, राष्ट्रीय उच्चमार्ग प्राधिकरण ने वृंदावन वाईपास को दिल्ली–आगरा नेशनल हाईवे से यमुना एक्सप्रेस वे तक जोड़ने वाली सिक्सलेन सड़कों की योजना को स्वीकृति दी है। इस सिक्सलेन रोड में बेगमपुर पर पार्किंग स्थल भी विकसित किया जाएगा, जो 3000 वाहनों की क्षमता रखेगा। सिग्नेचर ब्रिज 1.5 किलोमीटर लंबा होगा और इसकी चौड़ाई 21 मीटर होगी। यह ब्रिज जर्मन तकनीक पर आधारित केबल और बॉक्सेस से बनेगा, जैसा कि प्रयागराज में गंगा पर बनाया गया है। इसके अलावा, यमुना के घाटों, जैसे जुगल घाट और चीर घाट, को प्राचीन स्वरूप में विकसित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को वृंदावन की खूबसूरती और धार्मिक महत्व का अद्वितीय अनुभव मिलेगा। यह परियोजना वृंदावन को एक आकर्षक और सुविधाजनक स्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत, वृंदावन में अन्य सुधारों के साथ, सिक्सलेन बाईपास को तीन साल में पूरा किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज के विकास की दिशा में वृंदावन वाईपास के रूप में 1645 करोड़ की योजना स्वीकृत हो चुकी है। अब इस सिक्सलेन रोड को श्रीबाँकेबिहारी जी मंदिर से जोड़ने के लिए 400 करोड़ की योजना भी तैयार की गई है। इसमें सिग्नेचर ब्रिज यमुना पर बनाया जाना है। यह योजना वृंदावन को आकर्षक लुक प्रदान करेगी। प्रयागराज में इस तरह का ब्रिज बनाया गया है। यहाँ घाटों का भी विकास होगा।




## एसएसपी एक पखवाड़े में दूसरी बार बने बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता



रायफल क्लब सिविल लाइन में खेले जा रहे हिट एंड फिट बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 12 के विजेता, उप विजेता व अन्य खिलाड़ी ट्रॉफियों व स्मृति चिह्न के साथ।

**यूनिक समय, मथुरा।** रायफल क्लब सिविल लाइन में आयोजित हिट एंड फिट बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 12 के फाइनल मुकाबले में डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय और उनके साथी पारस उपाध्याय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में सुशील कुमार चतुर्वेदी एवं कृष्णा सिंह (जिमी) की जोड़ी को 2–1 से हराकर लगातार दूसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडे ने भी लीग मैचों में शानदार खेल दिखाकर सभी को प्रभावित किया। वहीं, नीरज गर्ग और संदीप सिंह की जोड़ी ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन कर तालियां बटोरी, लेकिन जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह और मनोज बंसल ने उन्हें हराकर चौथे स्थान पर पहुंचा दिया।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा और अपर जिलाधिकारी योगानंद पांडे ने विजेताओं को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने अपनी जीत को कठिन परिश्रम का फल बताया। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका पुलिस कोच चांद खान ने निभाई, जिन्हें भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शौच करने गई वृद्ध महिला की पोखर में डूबने से मौत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला हरी में गुरुवार की सुबह शौच करने गयी वृद्ध महिला की पोखर में डूबने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नारायण सिंह की पत्नी श्यामवती (80) सुबह शौच करने पोखर पर गयी थी। अचानक पैर फिसलने से उसकी पोखर में डूबकर मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण पोखर पर एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गिरीश गुप्ता बनाए जिला प्रभारी



**यूनिक समय, मथुरा।** वीवीएस राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय ने कृष्णापुरी निवासी गिरीश गुप्ता को मथुरा जिला प्रभारी मनोनीत किया है। इस मनोनयन पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश वार्ष्णेय, योगेश कुमार वार्ष्णेय, प्रेम कुमार वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय, महेश वार्ष्णेय, प्रतिमा वार्ष्णेय, झम्मन वार्ष्णेय, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय ,गिरीश वार्ष्णेय, सुदेश वार्ष्णेय, डॉ रज्जन, शिवकुमार तोमर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# बिना लाइसेंस गुटखा बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर के नगर निगम क्षेत्र में तम्बाकू वाले गुटखा की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन से अब करीब 915 दुकानदारों के लाइसेंस बन चुके है। मिली जानकारी के अनुसार शहर में ऐसे काफी संख्या में दुकान दार हैं जो बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन विशेष अभियान चलाएंगा।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू ने बताया कि जिन दुकानदारों ने अभी तक अपने लाइसेंस नहीं बनवाए हैं, उन्हें जल्द से जल्द



जीआईसी के पास खुली गुटखा की दुकान का नजारा।

लाइसेंस लेने के निर्देश दिए गए हैं।

यदि कोई दुकानदार बिना लाइसेंस के गुटखा या तंबाकू बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और दुकान सील करने जैसी कार्यवाही भी की जाएगी।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम सीमा में 2500 के करीब दुकानदार तम्बाकू गुटखा बेच रहे हैं। इस माह में अभियान के माध्यम से पकड़ा जाएगा। पहली बार पकड़े जाने

## नगर निगम ने 915 तम्बाकू-गुटखा लाइसेंस जारी किए

पर दुकानदार पर दो हजार रुपये का जुर्माना, समान जब्त, दूसरी बार पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये जुर्माना व समान जब्त और तीसरी बार पकड़े जाने पर दुकान दार के खिलाफ एफआईआर करायी जाएगी। उधर यूपी की योगी सरकार के स्पष्ट आदेश है कि कॉलेज, अस्पतालों के आसपास गुटखा नहीं बेचे जाएंगे, लेकिन जीआईसी के पास गुटखा तम्बाकू की बिक्री होती देखी गई।

# गोवर्धन में बिछुआ व गोविंद कुंड के बहुरेंगे दिन

**यूनिक समय, गोवर्धन।** ऐतिहासिक बिछुआ कुंड और आन्यौर के गोविंद कुंड के दिन बहुरने वाले है। नगर पंचायत शीघ्र ही दोनों कुंडों का सौंदर्यीकरण करवा कर चारों तरफ प्रकाश व्यवस्था कराएगी। जल्द ही दोनों कुंड सौंदर्यीकरण उपरान्त जगमग प्रकाश से जगमगाएंगे। नगर पंचायत की अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत सीमा अंतर्गत भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से जुड़े बिछुआ कुंड और आन्यौर के गोविंद कुंड को सौंदर्यीकरण हेतु बंधन योजना में चयनित कर लिया गया है। दोनो कुंडों के विकास के लिए नगर विकास विभाग ने करीब एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि बंधन योजना में प्रति वर्ष जनपद की दो नगर पंचायतों के धार्मिक



## सौंदर्यीकरण के बाद लाइटिंग से जगमगाएंगे दोनों कुंड

स्थलों को विकास हेतु चयनित किया जाता है मगर गोवर्धन सहित 02 अन्य नगर पंचायतों को विशेष चयन के रूप में शामिल किया गया है। नगर पंचायत के ईओ चैतन्य तिवारी ने बताया कि शासन से आदेश मिलते ही नगर पंचायत द्वारा दोनो कुंडों के सौंदर्यीकरण हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# धोखाधड़ी: सेवायत ने श्रद्धालु से ठगे 1.31 लाख रुपये

**यूनिक समय, बरसाना।** विश्व विख्यात लाड़ली जी मंदिर में एक बड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मंदिर के एक सेवायत किशोरी श्याम गोस्वामी पर मुंबई के श्रद्धालु आनंद मूर्ति गोलास से 1 लाख 31 हजार 800 रुपये की ठगी का आरोप लगा है। रिसीवर समिति के सदस्य यज्ञपुरुष गोस्वामी ने बताया कि आरोपी ने खुद को मुख्य सेवाधिकारी बताकर विशेष पूजा, फूल बंगला, पोशाक सेवा, 101 ब्राह्मणों का प्रसाद और भेंट न्योछावर के नाम पर यह राशि ली। पीड़ित श्रद्धालु की शिकायत पर रिसीवर समिति ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने श्री राधा रानी मंदिर बरसाना के नाम

## रिसीवर समिति की शिकायत पर पुलिस की जांच शुरू

से एक गूगल-पे अकाउंट भी बना रखा था, जिससे अवैध वसूली की जा रही थी। इसके अलावा, उसने बिना अनुमति हैदराबाद के एक व्यक्ति के साथ मिलकर मंदिर की बिजली और पानी सप्लाई से अवैध कट लगाकर फॉग सिस्टम लगा दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कुछ लोग जबरन एक कमरे में घुसकर सामान निकालते दिख रहे हैं। मंदिर समिति ने आरोपी के आचरण को मंदिर की प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक बताया है। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# डीएम ने दतिया में किया क्रॉप कटिंग का निरीक्षण



ग्राम दतिया में क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण राजस्व टीम के साथ करते जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम दतिया में क्रॉप कटिंग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गांव दतिया में जाकर गेहूं की फसल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गेहूं की उपज के संबंध में किसान से जानकारी ली। निरीक्षण करते समय उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी ने विभिन्न फसलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बाजार में होने वाले घाटे व मुनाफे के बारे में किसानों से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने स्वयं जरीब के माध्यम से 10 मीटर का समबाहु त्रिभुजाकार प्लॉट निर्धारित करते हुए किसानों से अपने सामने क्रॉप कटिंग कराई। क्रॉप सर्वे में खरीफ, रबी व जायद की प्रमुख खाद्य व अखाद्य फसलों की उपज का अनुमान लगाने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत आच्छादित कृषकों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु फसल कटाई प्रयोगों का संपादन किया जाता है। निरीक्षण में तहसीलदार सदर सौरभ यादव, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमारी सुचारी, राजस्व निरीक्षक मथुरा नरेन्द्र सिंह तरकर आदि उपस्थित थे।

# वार्ड 58 में सुलभ पब्लिक लॉन्ज का भूमि पूजन



सुलभ पब्लिक लॉन्ज का भूमि पूजन करती पार्षद नीलम गोयल।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के वार्ड 58 में सुलभ पब्लिक लॉन्ज का शिलान्यास किया गया। पार्षद नीलम गोयल ने भूमि पूजन किया। नीलम गोयल ने बताया कि यहाँ हजारों श्रद्धालु, परदेसी सैकड़ों वाहनो से प्रति दिन हजारों की संख्या में कंस किला, द्वारिकाधीश मन्दिर दर्शन को आते हैं। यह सबसे पहले गऊघाट ही पहुंचते है लेकिन आस पास एक भी शौचालय ना होने के कारण उन्हें बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अब उन्हें कही भी भटकना नही पड़ेगा। उन्हें सभी सुविधायुक्त स्नान घर चेंजिग रूम और 10 सीटर शौचालय बाथरूम उपलबध होगा। भूमि पूजन में चिंता हरण मन्दिर के महंत राजू बाबा, गुड्डा पंडित, बब्बू पंडित, भाजपा नेता हेमन्त खंदौली, सुलभ इंटरप्राइजेज के जॉय दिवाकर आदि मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ऑफ मथुरा रेसनल का सराहनीय कदम

**यूनिक समय, मथुरा।** रोटरी क्लब ऑफ मथुरा रेसनल ने अड़ींग स्थित आदर्श जनता इण्टर कॉलेज में 3.70 लाख रुपये से सुलभ शौचालय का निर्माण बेटियों के लिए कराया है।

क्लब का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा तथा शिक्षण माहौल प्रदान करना है। सुलभ शौचालय का लोकार्पण गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया। इससे पहले कॉलेज के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी लाला जगत प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अमित मित्तल, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित मित्तल सर्राफ, संस्थापक अध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष वरुण अग्रवाल, सर्विस चेयर पर्सन जितेंद्र गोयल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक अग्रवाल, प्रधानाचार्य हरनारायण राम, पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम दास गुप्ता, शिक्षक त्रिभुवन नाथ शर्मा, प्रतिभा कुंतल, प्रमिला शर्मा तथा अमरकांत त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन कमलेश यादव ने किया।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद की सुनवाई 6 मई को

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के विवाद में हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है और अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाईकोर्ट में अपील की। हिन्दू पक्ष ने यह तर्क रखा कि वादी संख्या 6, जो भगवान श्री केशव देव जी के नाबालिग भक्त हैं, के मामले में देरी या भेदभाव करना उनके लिए अन्याय होगा। इसलिए, इस मामले की प्रतिदिन सुनवाई की जाए। इसके बाद, हाईकोर्ट ने इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया। उधर, मुस्लिम पक्ष की ओर से परिसर को विवादित घोषित करने की मांग पर आपत्ति जताई गई, जिस पर न्यायालय ने सुनवाई के लिए समय निर्धारित किया है।

# भाजपा का स्थापना दिवस छह को



भाजपा के जिला कार्यालय पुष्पांजलि पर पार्टी की कामकाजी बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि अशोक कटारिया।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की कामकाजी बैठक पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस बूथ स्तर तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय पर रोशनी की जाएगी और कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने बताया कि इस दिन कार्यालयों और घरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा, जबकि 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे।

8 से 9 अप्रैल तक विधानसभा स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन होंगे, जबकि 7 से 12 अप्रैल तक जनप्रतिनिधि गांव और मोहल्लों में प्रवास करेंगे। बाबा साहेब अंबेडकर

## बूथ स्तर पर पार्टी आयोजित करेगी कार्यक्रम: अशोक कटारिया

जयंती पर जिलेभर में स्वच्छता अभियान और रोशनी की जाएगी।

जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने अपना जिला कार्यालय जो हमारा एक तरह से घर है को शाम को सजायेंगे, मिठाई वितरण करेंगे और उत्सव की तरह मनायेंगे।

कामकाजी बैठक में पार्टी स्थापना दिवस के संयोजक देवेंद्र शर्मा, सह संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, अजय परखम, कोसी चेयरमैन धरमवीर अग्रवाल, अनिल चौधरी, आकाश चौधरी, ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह, राजवीर सिंह, सतीश वाल्मीकि, महिपाल सिंह आदि लोग कामकाजी बैठक में उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री सत्यपाल चौधरी ने किया।

# के.डी. हॉस्पिटल के नेत्र शिविर से मरीज उठा रहे लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर द्वारा आयोजित एक माह का निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर ब्रज क्षेत्र और आसपास के जिलों के नेत्र पीड़ितों के लिए वरदान साबित हो रहा है। नवरात्र के पावन अवसर पर शुरू किए गए इस शिविर में सफेद मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, और अन्य आंखों की बीमारियों के ऑपरेशन निःशुल्क किए जा रहे हैं, वहीं महंगी जांचों का शुल्क भी नाममात्र लिया जा रहा है। यह शिविर 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन ने बताया कि गरीब और जरूरतमंद



वृद्धा की आंखों की जांच करते डॉ अमित कुमार जैन।

लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा देने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। इस दौरान मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जा रही है, और जो लोग मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद या कॉर्निया जैसी समस्याओं से ग्रसित हैं, उन्हें ऑपरेशन के लिए भर्ती किया जा रहा है। शिविर में काला मोतियाबिंद (ग्लूकोमा) की जांचें जैसे पैरीमैट्री, ओसीटी और गोनियोस्कोपी महज 500 रुपये में की जा रही हैं, जबकि सामान्यतः इनकी कीमत 2000-3000 रुपये होती है। वहीं, डायबिटिक रिटैनोपैथी की जांचें जैसे फंडस फोटोग्राफी, फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी और रेटिना लेजर चिकित्सा भी काफी सस्ते मूल्य पर उपलब्ध हैं। के.डी. हॉस्पिटल में अत्याधुनिक मशीनें जैसे फंडस कैमरा, ओसीटी और ग्रीन लेजर

## महंगी जांचें नाम मात्र शुल्क पर, हर तरह का ऑपरेशन निःशुल्क

उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का प्रभावी इलाज संभव हो पा रहा है। डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि आंखों की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है, और हमें समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। हॉस्पिटल के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य हर मरीज को सस्ती और उत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है।

### चाय और कॉफी को कहें अलविदा

# गर्मियों की सुबह को तरोताजा और स्वस्थ बनाने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि गर्मी के मौसम में ठंडी ड्रिंक्स का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है और इससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व और हाइड्रेशन मिलता है। ऐसे में आइए आपको कुछ ऐसे ड्रिंक्स के बारे में बताते हैं, जो गर्मियों में आपके शरीर को तरोताजा रखने के साथ–साथ स्वस्थ भी रखेंगे। गर्मियों में हमारी खाने–पीने की आदतें काफी बदल जाती हैं। सर्दियों की सुबह की गर्म चाय और कॉफी की जगह ठंडी ड्रिंक्स ने ले लेती हैं। लोग गर्मियों में चाय और कॉफी छोड़ देते हैं और अपने शरीर को ठंडक देने के लिए छाछ, नींबू पानी, और अन्य ठंडी ड्रिंक्स का सेवन करना शुरू कर देते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि गर्मी के मौसम में ठंडी ड्रिंक्स का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है और इससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व और हाइड्रेशन मिलता है। ऐसे में आइए आपको कुछ ऐसे ड्रिंक्स के बारे में बताते हैं, जो गर्मियों में आपके शरीर को तरोताजा रखने के साथ–साथ स्वस्थ भी रखेंगे।



**नींबू पानी:** गर्मियों के मौसम में सुबह की शुरुआत नींबू पानी से करना वास्तव में बहुत लाभदायक हो सकता है। नींबू पानी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो न केवल हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, बल्कि हमारे शरीर को भी तरोताजा और ऊर्जावान बनाए रखता है। यदि आप एक गिलास ठंडे नींबू पानी में थोड़ा शहद और नमक मिलाते हैं, तो यह आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ा सकता है और आपको पूरे दिन सक्रिय और तरोताजा रख सकता है।

**छाछ:** गर्मियों के मौसम में सुबह के समय छाछ पीना बहुत ही फायदेमंद होता है। छाछ हमारे पाचन तंत्र के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है, क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो हमारी आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। सुबह के समय छाछ का सेवन करने से हमारा पेट साफ होता है, और हम तरोताजा महसूस करते हैं। इससे हमें थकान भी नहीं होती है। इसके अलावा, छाछ में ऐसे तत्व भी होते हैं जो हमारी सेहत को और भी बेहतर बना सकते हैं।

**नारियल पानी:** कई लोग सुबह की सैर के बाद नारियल पानी पीना पसंद करते हैं और यह आदत उनकी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। नारियल पानी एक प्राकृतिक और तरोताज़ा करने वाला पेय है, जो हमारे शरीर को हाइड्रेट रखता है और ज़रूरी इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करता है। इसके अलावा, नारियल पानी हमारे पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

**तरबूज का जूस:** गर्मियों के मौसम में तरबूज का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद होता है। सुबह के समय तरबूज का जूस पीने से आपकी सेहत में सुधार हो सकता है। तरबूज में पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो इसे गर्मियों के लिए एक आदर्श पेय बनाता है। यह न केवल हमारी प्यास बुझाता है, बल्कि हमारे शरीर को हाइड्रेट भी रखता है। इसके अलावा, तरबूज का जूस हमारे शरीर को ज़रूरी मिनरल्स प्रदान करता है और हमें तरोताज़ा महसूस कराता है।

**ग्रीन टी:** गर्मियों के मौसम में अगर आपके लिए चाय या कॉफी छोड़ना मुश्किल हो रहा है, तो आप ग्रीन टी का विकल्प चुन सकते हैं। ग्रीन टी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज़ करते हैं और हमारे शरीर को डिटॉक्स करते हैं। यह हमें एक्टिव और ऊर्जावान महसूस कराता है। ग्रीन टी का सेवन करने से आप चाय और कॉफी पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं और साथ ही अपने शरीर को स्वस्थ, ऊर्जावान और तरोताज़ा बनाए रख सकते हैं।

# ककड़ी में छिपा है अच्छी सेहत का राज



**यूनिक समय, मथुरा।** गर्मियों में लोग अपनी सेहत का ज्यादा ध्यान रखते है। क्योंकि इस मौसम में लोगों के शरीर में पानी की कमी काफी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए आप अपनी डाइट में ऐसे फूड आइटम्स शामिल कर सकते है जो न सिर्फ आपके शरीर में ठंडक बनाएं रखे, बल्कि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाए।

अगर आप भी अपनी डाइट के लिए ऐसा ही कोई फूड आइटम ढूंढ रहे हैं, तो ककड़ी एक बढ़िया विकल्प होगा। बता दें कि ककड़ी में 90% पानी पाया जाता है इसके अलावा इसमें फाइबर, विटामिन, कैल्शियम, आयोडीन, पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम जैसे कई ऐसे तत्व होते हैं जो गर्मी में कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने का काम करते हैं। तो चलिए जानते है इसके बारें में।

**किडनी को रखे स्वस्थ**

ककड़ी में भरपूर मात्रा में पानी होता है जो हमारी सेहत के लिए काफी गुणकारी है। यह पोटेशियम के साथ मिलकर यूरिक एसिड और सभी विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकाल देता है, जिससे किडनी स्वस्थ रहती है और पथरी आदि समस्याएं नहीं होती।

**कब्ज करें दूर**

ककड़ी को रोजाना खाने से पेट में गैस, कब्ज की समस्या से राहत मिलेगी। इतना ही नहीं यह इनडाइजेशन को भी कम करने में सक्षम है।

**हड्डियां होती हैं मजबूत**

ककड़ी विटामिन–के का बेहतरीन सोर्स माना जाता है। इसके सेवन से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं दूर होती है। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप ककड़ी का सेवन कर सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर**

ककड़ी हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है। बता दें कि इसमें पोटैशियम होने के कारण यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में सहायक है। यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को मेंटेन करता है।

**शरीर को रखे हाइड्रेट**

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना ककड़ी का सेवन करना चाहिए। कहा जाता है कि इसमें 90 प्रतिशत पानी पाया जाता है जो शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के साथ साथ शरीर के अंदर की गंदगी को भी बाहर निकालने में मदद करता है।

**वजन घटाने में मदद**

फाइबर से भरपूर ककड़ी लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। इसके सेवन से भूख कम लगती है जिससे आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। कैलोरी की बात करें तो इसमें बहुत कम मात्रा में कैलोरी पाई जाती है।

**स्किन और बालों के लिए रामबाण**

ककड़ी का रोजाना सेवन करने से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है और स्किन के दागधब्बे गायब होते हैं। इतना ही नहीं आप इसे फेस पैक के तौर पर भी चेहरे पर अप्लाई कर सकते है।

# बेसन का चीला मुलायम बनाने के लिए 1 चम्मच मिला दें ये चीज

आरती अग्रवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बेसन का चीला खाने में जितना टेस्टी लगता है उससे कहीं ज्यादा हेल्दी होता है। नाश्ते में बेसन का चीला बनाकर खाएं और बच्चों को टिफिन में पैक करके दें। जानिए बेसन के चीला को एकदम मुलायम कैसे बनाते हैं?

नाश्ते में खाने के लिए बेसन का चीला हेल्दी ऑप्शन है। बहुत कम तेल में बेसन का स्वादिष्ट चीला बनकर तैयार हो जाता है। बेसन के चीला को बच्चे और बड़े बुजुर्ग भी बड़े स्वाद से खाते हैं। आप बच्चों के स्कूल टिफिन में भी बेसन का चीला दे सकते हैं। हालांकि कुछ लोगों की शिकायत रहती है कि बेसन का चीला रखने पर कड़ा हो जाता है। इसके लिए आप बेसन को घोलते वक्त एक खास चीज मिला दें। आपको बेसन के चीला का घोल तैयार करते वक्त उसमें 1 चम्मच दही मिलाना है। इससे बेसन का चीला घंटों रखने पर भी कड़ा नहीं होगा और बच्चे इसे स्वाद से खाएंगे। जानिए कैसे बनाते हैं एकदम मुलायम, नरम और सॉफ्ट बेसन का चीला?



बनाने की विधि : बेसन के चीला को मुलायम बनाने के लिए आपको घोल तैयार करते वक्त कुछ खास चीजों का ख्याल रखना होगा। जिसमें सबसे अहम है बेसन का घोल तैयार करना। जिससे चीला मुलायम और कड़ा बन सकता है। चीला मुलायम बनाने के लिए बेसन को कुछ देर पहले घोलकर रख दें। बेसन को करीब 1 घंटे पहले घोलकर रख दें। इसके अलावा बेसन में घोलते वक्त 1 चम्मच दही मिला लें। हां दही ताजा होना चाहिए इसके अलावा एक टी स्पून खाने वाला तेल भी मिक्स कर लें। हालांकि तेल और दही की ये मात्रा करीब 10 चीला बनाते वक्त रखें। अगर आप 2–4 चीला बना रहे हैं तो मात्रा उसी हिसाब से कम रखें। अब सारे मसाले जैसे नमक, मिर्च, हल्दी, हरा धनिया, अजवाइन, जीरा और हींग स्वादानुसार मिला लें। सारी चीजों को बेसन में पानी डालकर फेंटकर स्मूद घोल तैयार कर लें। आप इसमें बारीक कटा प्याज और हरी मिर्च भी मिला सकते हैं। घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा पतला नहीं होना चाहिए। अब इसे सेट होने के लिए रख दें। 10-15 मिनट के बाद बीच में 2-3 बार फैला लें।अब तवा गर्म करें और उस पर हल्का ऑयल लगाएं। अब 1 बड़ा चमचा बेसन का घोल लें और तवे पर फैल दें। ध्यान रखें चीला बहुत पतला नहीं होना चाहिए। चीला को पलट कर दोनों साइड से अच्छी तरह से सेंक लें। ये चीला काफी देर रखने के बाद भी मुलायम बना रहेगा। बच्चों को टिफिन में बेसन का नरम चीला पैक करके दें। आप इसे हरी चटनी या सॉस से खा सकते हैं। चीला को चाय के साथ भी ट्राई कर सकते हैं। नाश्ते की जगह स्नैक्स में भी चीला खा सकते हैं।

### गर्मियों के मौसम में करें देसी जुगाड़

# फ्रिज जैसा ठंडा हो जाएगा मटके का पानी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि फ्रिज का ठंडा पानी पीने से आपकी सेहत पर नेगेटिव असर भी पड़ सकता है? आइए पानी को मटके में फ्रिज की तरह ठंडा करने के बेहद आसान तरीके के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।



दादी–नानी के जमाने से घड़े का पानी पीने की सलाह दी जाती रही है। लेकिन बदलते समय के साथ ज्यादातर लोग फ्रिज का पानी पीने लगे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक फ्रिज में रखा ठंडा पानी आपकी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इसलिए आपको भी अपने घर में मिट्टी के घड़े में पानी भरकर रखना चाहिए। मिट्टी के घड़े का पानी पीने से आपकी सेहत पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। मिट्टी का घड़ा ईको–फ्रेंडली होता है। यही वजह है कि आयुर्वेद के मुताबिक मिट्टी के घड़े के पानी को सेहत के लिए वरदान माना जाता है। मिट्टी के घड़े में पानी को ठंडा रखने के लिए आपको मटका, गीली जूट की बोरी और पानी की जरूरत पड़ेगी। आइए इस देसी जुगाड़ के बारे में जानते हैं। मिट्टी के घड़े को किसी भी ऐसी जगह पर रखें जहां पर डायरेक्ट धूप न पड़ती हो। आप मिट्टी के घड़े को किसी भी ठंडी और शेड वाली जगह पर रख सकते हैं। इसके बाद जूट की बोरी को ठंडे पानी में भिगो दीजिए। अगर आपके पास जूट की बोरी नहीं है, तो आप किसी भी सूती कपड़े का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। गीली बोरी या फिर गीले सूती कपड़े को मटके की चारों साइड में लपेट दीजिए। अगर आप चाहें, तो बीच–बीच में भी बोरी या फिर कपड़े को गीला कर सकते हैं। इस हैक की मदद से मटके का टेंपरेचर कम हो जाएगा और मटके में रखा पानी ठंडा हो जाएगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस देसी जुगाड़ में इवैपोरेशन का प्रिंसिपल फॉलो हो रहा है। दरअसल, जब पानी कपड़े से धीरे–धीरे इवैपोरेट होता है, तो गर्मी भी एब्जॉर्ब होती जाती है। अगर आप भी नेचुरली ठंडा पानी पीना चाहते हैं, तो इस बार आपको गर्मियों के मौसम में रेफ्रिजरेटर की जगह इस तरह मिट्टी के घड़े का इस्तेमाल जरूर करके देखना चाहिए।

# इन चीजों का इस्तेमाल करें, घर से भागेगी छिपकली

**यूनिक समय, मथुरा।** घर में यूं तो अनेक कीड़े–मकोड़े नजर आ जाते हैं लेकिन छिपकली जैसा आतंक शायद ही कोई मचाता है। छिपकली जहां दिख जाए वहां से डर के मारे इंसान को भागना पड़ जाता है लेकिन छिपकली है कि टस से मस होने का नाम नहीं लेती। घर की दीवारों और अलमारी के ऊपर तो फिर भी छिपकली देखने में ज्यादा डर नहीं लगता लेकिन जब छिपकली दीवार की जगह फर्श पर घूमने लगती है तो अच्छे–अच्छों के पैरों तले से जमीन खिसक जाती है। अगर आप भी छिपकली की इस मनमानी से परेशान हैं तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यहां आपके लिए दिए गए हैं कुछ ऐसे आसान तरीके और घरेलू नुस्खे जो छिपकली को घर से दुम दबाकर भागने पर मजबूर कर देंगें।

**लहसुन आएगा काम**



छिपकली को भगाने के लिए लहसुन का इस्तेमाल किया जा सकता है। लहसुन को कूटकर पानी में मिलाएं और इसे किसी स्प्रे बोतल में भर लें। कम से कम 5 से 6 लहसुन का इस्तेमाल करें। लहसुन के इस पानी को छिपकली पर और जहां छिपकली घूमती है वहां छिड़कें। छिपकली लहसुन के इस पानी की सुगंध से ही भाग जाएगी।

**अंडे के छिलके**

अंडे के छिलके छिपकली भगाने में बड़े काम के साबित होते हैं। इन अंडों के छिलके की सुगंध या कहें दुर्गंध छिपकलियों को बिल्कुल भी नहीं सुहाती। आपको इनके इस्तेमाल के लिए ज्यादा कुछ नहीं करना है बस अंडे के छिलकों को मुट्ठी में लेकर मसल लें और इन्हें छिपकलियों के ठिकानों पर, अलमारी और बुक शेल्फ आदि के ऊपर रख दें।

**काली मिर्च का स्प्रे**

लहसुन की ही तरह काली मिर्च का स्प्रे भी छिपकली भगाने में मदद करता है। इस स्प्रे को बनाना भी बेहद आसान है। एक स्प्रे बोतल में पानी भरिए और इसमें काली मिर्च के कुछ टुकड़े लेकर कूटकर डाल लीजिए। इसे अच्छे से हिलाएं और छिपकलियों को भगाने के लिए उन पर छिड़कें।

**नैपोथलिन की गोलियां**

कपड़ों को जब अलमारी में या किसी बक्से में दबाकर रखा जाता है तो उनसे कीटाणु दूर रखने के लिए और बदबू भगाने के लिए नैपोथलिन की गोलियों का इस्तेमाल किया जाता है। यही गोलियां छिपकलियां भगाने में भी काम आती हैं। इन्हें जगह–जगह रख दें और खासकर छिपकलियों के भटकने वाली जगह पर रखें। घर में बच्चे हों तो ध्यान रखें कि गोलियां उनकी पहुंच से दूर रहें।

**ठंडक रखें**

छिपकलियां घर की दीवारों पर गर्माहट के लिए रहती हैं और यही कारण हैं कि सर्दियों में वे ना के बराबर नजर आती हैं। घर में एसी है तो उसे तेज पर कर दें। इससे छिपकली कमरे से भाग जाएगी। जब अचानक छिपकली नजर आ जाए तो उसे भगाने के लिए यह तरीका बेहद अच्छा है।

## सम्पादकीय

# पटाखा कारखाने में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

गुजरात के पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट ने फिर एक दर्दनाक सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारे लिए इंसानी जिंदगियों की कीमत मुनाफे से कमतर हो गई है? बीस मजदूरों की मौत को महज 'दुर्घटना' कहकर टाल देना उस लापरवाह व्यवस्था की निष्ठुरता को दर्शाता है, जो कागजों पर तो सुरक्षा मानकों की दुहाई देती है, लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार और उदासीनता के चलते मेहनतकशों को मौत के मुंह में धकेल देती है। हादसों में जान गंवाने वाले रोजी–रोटी की तलाश में मध्यप्रदेश से वहां पहुंचे थे। ज्यादातर मृतकों के परिवार कर्ज के बोझ से दबे हुए थे। आर्थिक भार कम होने का सपना इन्हें अपने घर से दूर ले गया था।



पवन गौतम
संपादक

उद्योगों का विकास जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह विकास मजदूरों के खून से सींचा जाना चाहिए? अमरीका और यूरोप में जहां पटाखा उद्योग को अत्यंत कड़े नियमों के दायरे में रखा गया है, वहीं भारत में यह अब भी 1884 के इंडियन एक्सप्लोसिव एक्ट और 2008 के एक्सप्लोसिव रूल्स के तहत संचालित होता है। ये पुराने और अप्रासंगिक कानून आज के औद्योगिक वातावरण और सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए नाकाफी हैं। पटाखा उद्योग 2000 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार करता है और लाखों लोगों की रोजी–रोटी इससे जुड़ी है, लेकिन इन फैक्टरियों में काम करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं। अवैध फैक्टरियां धड़ल्ले से चलती हैं, सुरक्षा मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं और हर हादसे के बाद प्रशासन जांच और मुआवजे की रस्म अदायगी करके अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाता है। देखा जाए तो यह लापरवाही ही नहीं, बल्कि एक अपराध है और इसके दोषियों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। इस समस्या की एक और गहरी जड़ है– मजदूरों का पलायन। इन इकाइयों में काम करने वाले अधिकतर लोग वे हैं, जिन्हें अपने ही राज्य में रोजगार नहीं मिलता। ग्रामीण भारत में कृषि के अवसर घटते जा रहे हैं, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है और औद्योगिक विकास का असंतुलन इतना गहरा है कि कुछ ही राज्यों में रोजगार केंद्रित हैं, जबकि बाकी राज्य पिछड़ते जा रहे हैं। मजबूरी में लाखों मजदूर अपने घर–परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में जाकर असुरक्षित और अमानवीय हालात में काम करने को मजबूर होते हैं।

अगर हम वास्तव में इंसानी जिंदगियों को महत्त्व देते हैं, तो अब सिर्फ शोक व्यक्त करने से काम नहीं चलेगा। सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन हो, अवैध फैक्टरियों पर रोक लगे, मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। अन्यथा, यह सिलसिला जारी रहेगा और हम ऐसी ही त्रासदियों पर मातम मनाने के लिए मजबूर रहेंगे। पटाखा फैक्टरी में आग की यह पहली घटना नहीं है और अगर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह आखिरी भी नहीं होगी।

## नजरिया

# कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

प्रहलाद सबनानी

देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है।

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा।

भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है।

भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। देश के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम कर रही है एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि कृषि के क्षेत्र में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके।



देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल हेतु अब केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रा स्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है, इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में पर्याप्त वृद्धि दर्ज हुई है एवं साथ ही परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ की दर पर बेचने में सफल हो रहे है अन्यथा इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था।

खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है एवं कृषि उत्पादों की बर्बादी को रोकने में सफलता मिल रही है।

आज भारत में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। इस संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है इससे किसान कृषि भूमि पर मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि उत्पाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को उचित दामों पर अपनी फसल को बेच सके। साथ ही, कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी प्रकृतिक आपदाओं के चलते प्रभावित हुई फसल के नुक्सान से किसानों को बचाया जा सके। आज करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

देश में खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर तो रहता नहीं है अतः किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से डेयरी, पशुपालन, मधु मक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को अतिरिक्त आय की सुविधा मिल सके।

विश्व के विभिन्न देशों ने अपनी आर्थिक प्रगति के प्रारम्भिक चरण में कृषि क्षेत्र का ही सहारा लिया है। औद्योगिक क्रांति तो बहुत बाद में आती है इसके पूर्व कृषि क्षेत्र को विकसित अवस्था में पहुंचाना होता है। भारत में भी आज कृषि क्षेत्र, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि करोड़ों नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर भी निर्मित करता है। साथ ही, औद्योगिक इकाईयों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराता है। वैश्विक स्तर पर कृषि क्षेत्र की महत्ता आगे आने वाले समय में भी इसी प्रकार बनी रहेगी क्योंकि इस क्षेत्र से पूरी दुनिया के नागरिकों के लिए भोजन, उद्योग के लिए कच्चा माल एवं रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही निकलते रहेंगे। हां, कृषि क्षेत्र में आज हो रही प्रौद्योगिकी में प्रगति के चलते किसानों को कम भूमि पर, मशीनों का उपयोग करते हुए, कम पानी की आवश्यकता के साथ भी अधिक उत्पादन करना सम्भव हो रहा है। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ कृषि उत्पाद की लागत कम हो रही है और किसानों के लिए खेती एक उद्योग के रूप में पनपता हुआ दिखाई दे रहा है और अब यह लाभ का व्यवसाय बनता हुआ दिखाई देने लगा है।

केला, आम, अमरूद, पपीता, नींबू जैसे कई ताजे फलों एवं चना, भिंडी जैसी सब्जियों, मिर्च, अदरक जैसे प्रमुख मसालों, जूट जैसी रेशेदार फसलों, बाजरा एवं अरंडी के बीज जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों एवं दूध के उत्पादन में भारत पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। दुनिया के प्रमुख खाद्य पदार्थों यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। भारत वर्तमान में कई सूखे मेवे, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ और कांड फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का पूरे विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी एवं कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया था। साथ ही, भारत सबसे तेज विकास दर के साथ पशुधन एवं मुर्गी मांस के क्षेत्र में दुनिया के पांच सबसे बड़े उत्पादक देशों में शामिल हो गया है।

कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी भी दृष्टि से कृषि क्षेत्र के योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता है क्योंकि उद्योग एवं सेवा क्षेत्र का विकास भी कृषि क्षेत्र के विकास पर ही निर्भर करता है। अधिकतम उपभोक्ता तो आज भी ग्रामीण इलाकों में ही निवास कर रहे हैं एवं उद्योग क्षेत्र में निर्मित उत्पादों की मांग भी ग्रामीण इलाकों से ही निकल रही है। अतः देश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना ही होगा।

## विचार विण्डो

# कभी अन्नदाता तो कभी आम लोगों को रुलाता टमाटर

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

जहां तक टमाटर के उत्पादन की बात है तो भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक टमाटर उत्पादन करने वाला देश है। टमाटर के उत्पादन में भी चीन पहले पायदान पर है तो तुर्की, अमेरिका, मिस्त्र तीसरे, चौथे और पांचवें पायदान पर है।

यह कैसी विडंबना है कि टमाटर की खेती करने वाले काश्तकारों को आज टमाटर की लागत तो दूर तुड़वाई के पैसे भी नहीं मिल पा रहे हैं। मध्य प्रदेश की मण्डियों से आ रहे समाचार केवल मध्यप्रदेश के टमाटर उत्पादक किसानों की ही पीड़ा व्यक्त नहीं कर रहे अपितु देश की अधिकांश मण्डियों में टमाटर के भाव औंधे मुंह गिर गए हैं। कुछ समय पहले ही गृहणियों की रसोई में टमाटर का तड़का मुश्किल हो गया था और टमाटर के खुदरा भाव 200 रु. प्रति किलो को छू गए थे आज वहीं टमाटर देश की किसी किसी मण्डी में तो एक रु. प्रति किलो से भी कम में बोला जा रहा है। ऐसे में किसान अपनी बदनसीबी के आंसू बहाते हुए सड़कों पर फेंकने, पशुओं को खिलाने या मण्डियों में बिखेरने को मजबूर हो रहे हैं। आज गली मोहल्ले में फेरी लगाकर बेचने वाले सब्जी विक्रेता ही 10 से 15 रु. किलों में टमाटर बेच रहे हैं। खुदरा में टमाटरों के भाव कम होने से आम नागरिकों को तो तात्कालीक फायदा हो रहा है पर उत्पादक किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। यह केवल इस बार की ही समस्या नहीं है अपितु प्रतिवर्ष इस तरह के हालातों से किसानों को दो चार होना पड़ता है। देखा जाएं तो टमाटर ना कोई से दोस्ती और ना कोई से प्रेम वाली कहावत को चरितार्थ करता रहा है। साल में मौका मिलने पर पहले आमनागरिकों को रुलाता है तो फिर आमलोगों को थोड़ी राहत देते हुए उत्पादक काश्तकारों को रुलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता। लगभग यही स्थिति प्याज की कई सालों से चली आ रही है।

जहां तक टमाटर के उत्पादन की बात है तो भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक टमाटर उत्पादन करने वाला देश है। टमाटर के उत्पादन में भी चीन पहले पायदान पर है तो तुर्की, अमेरिका, मिस्त्र तीसरे, चौथे और पांचवें पायदान पर है। कहने को तो यह कहा जाता है कि टमाटर का उद्गम देश दक्षिणी अमेरिका, पश्चिमी तटीय प्रदेश माना जाता है। मैक्सिको से टमाटर सारी दुनिया में पहुंचा है। टमाटर धीरे धीरे रसोई का प्रमुख उपयोगी बन गया। यह भी माना जाता है कि 16 वीं शताब्दी में पुर्तगाली खोजकर्ताओं के साथ टमाटर ने हमारे देश में प्रवेश किया और आज यह घर घर की जरूरत बन गया। इसे विलायती भंटा या



विलायती बैंगन भी कह कर पुकारा जाता रहा है। छत्तीसगढ़ के जशपुर टमाटर देश की सबसे बड़ी मण्डी मानी जाती है तो आंध्र प्रदेश टमाटर का सर्वाधिक उत्पादक प्रदेश माना जाता है। वैसे टमाटर की पैदावार समूचे देश में होती है और टमाटर के सहउत्पाद खासतौर से टमाटर कैचअप, टमाटर सॉस, टमाटर सूप आदि से कंपनियां बारे न्यारे कर रही हैं।

जहां तक टमाटर की गणित समझने का सवाल उठता है विशेषज्ञों का मानना है कि टमाटर की खेती में काश्तकार की एक से दो लाख रु. तक की लागत प्रति एकड़ आती है और यह भी माना जाता है कि सामान्य परिस्थितियों में 400 से 420 क्विंटल टमाटर की पैदावार काश्तकार प्रति एकड़ तक ले लेते है। अत्यधिक गर्मी, अत्यधिक बरसात और ओलावृष्टि से सबसे अधिक टमाटर की फसल प्रभावित होती है। कीट प्रकोप के कारण भी टमाटर की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। सबसे अधिक चिंतनीय बात यह है कि जब टमाटर की फसल तैयार होकर बाजार में आती है तो टमाटर की भावों में तेजी से गिरावट आने लगती है। इसका व्यापारी दोहरा लाभ उटाते हैं। एक तो ज्यादा से ज्यादा टमाटरों की खरीद कर निजी कोल्ड स्टोरेज में जमा कर देते हैं और मौके बेमौके बाजार में कृतिम अभाव पैदा कर दोहरा लाभ कमा लेते हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में टमाटर के सहउत्पाद तैयार करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां बुवाई से पहले ही काश्तकारों से सौदा कर लाभ उठाती है। खैर यह विषयांतर होगा।

टमाटर उत्पादक किसान तुड़वाई या मण्डी तक पहुंचाने की लागत भी नहीं मिलने से किसान परेशान है तो किसान इन हालातों को देखते हुए टमाटर के भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने और सरकारी खरीद की दबी जुवान से बात करने लगे हैं। खैर यह तो अलग बात हुई पर कहीं ना कहीं सरकार को भी साल दर साल होने वाले ऐसे हालातों को देखते हुए किसानों और आम लोगों के हित का रोडमेप बनाना ही होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि जब सड़कों पर टमाटर बिखरे मिलते हैं तब भी सरकार की साख प्रभावित होती है तो जब टमाटर के भाव आसमान छूने लगते हैं तब भी सरकार की साख पर सीधा सीधा असर पड़ता है। राजनीतिज्ञ भूले नहीं होंगे प्याज के भावों में उतार–चढ़ाव का असर सरकारों के आने और जाने से जुड़ा रह चुका है। सवाल यह है कि सरकार को टमाटर या इसी तरह की जल्द खराब होने वाले उत्पादों के रखरखाव और एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए कोल्ड स्टोरेज और कोल्ड स्टोरेज युक्त परिवहन वाहनों की संख्या बढ़ानी होगी। सरकार ने भले ही किसानों के उत्पादों को लाने ले जाने के लिए ट्रेन सेवा शुरु कर दी है पर अभी इस दिशा में तेजी से काम करने की आवश्यकता है। देश में फूड पार्क बनाने की दिशा में तेजी लानी होगी।

सबसे ज्यादा जरूरी सरकार को तत्काल बाजार हस्तक्षेप की और ध्यान देना होगा। एक विंग ऐसी होनी चाहिए कि जो बाजार में मांग और उपलब्धता पर नजर रखे और समय रहते काश्तकारों के लिए जब जरूरत हो तब और आमलोगों के लिए जब जरुरत हो तब कदम उठाएं ताकि किसान, मण्डी और आमलोगों के हितों की रक्षा की जा सके। अब तो यह भी साफ हो गया है कि बाजार में कब अधिक माल आयेगा तो कब किल्लत वाली स्थिति होगी। जब सब कुछ सामने है तो दीर्घकालीन नीति बनाकर दोनों के हितों को ध्यान में रखना होगा।

# जोस बटलर की तूफानी पारी से गुजरात टाइटंस की शानदार जीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत में जोस बटलर की नाबाद 73 रनों की तूफानी पारी और मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए, आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। टीम की ओर से लियाम लिविंगस्टोन ने 54 रन (40 गेंदों में) और टिम डेविड ने 32 रन का योगदान दिया। गुजरात की गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर आरसीबी की रनगति पर अंकुश लगाया।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, गुजरात टाइटंस ने 17.5 ओवरों में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जोस बटलर ने 39 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 6 छक्के शामिल थे। उनके साथ साई सुदर्शन ने 49 रन और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया।

मैच के बाद, जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उन्होंने फिल सॉल्ट का एक आसान कैच छोड़ दिया था, जिससे वे "शर्मिंदा" महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस गलती ने उन्हें बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मोहम्मद सिराज, जो पहले आरसीबी के लिए खेल चुके थे, ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि वे अपनी पुरानी टीम के खिलाफ प्रदर्शन करने को लेकर भावुक थे, लेकिन उन्होंने अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। इस जीत के साथ, गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 025 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जबकि आरसीबी को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा। जोस बटलर की धमाकेदार पारी और मोहम्मद सिराज की प्रभावशाली गेंदबाजी ने गुजरात की जीत में अहम भूमिका निभाई।






## 'कांतारा चैप्टर 1' की रिलीज डेट का ऐलान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान हो गया है। लंबे समय से इस फिल्म के पोस्टपोन होने की अफवाहें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं, लेकिन अब निर्माताओं ने इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। यह फिल्म इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

'कांतारा चैप्टर 1' की कहानी कोस्टल कर्नाटक के कदंब काल पर आधारित है। कदंब वंश ने लंबे समय तक कर्नाटक के कुछ हिस्सों पर शासन किया था और इस क्षेत्र की वास्तुकला और संस्कृति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को फिल्म में भव्य तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

फिल्म में 500 से अधिक ट्रेंड फाइटर्स, 3000 लोगों की विशाल कास्ट और नेशनल-इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के सहयोग से बेहतरीन एक्शन सीन फिल्माए गए हैं। इस फिल्म का निर्देशन और मुख्य भूमिका, दोनों ऋषभ शेट्टी ने ही निभाई है।

2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली कन्नड़ फिल्मों में से एक बनी। फिल्म की लोकप्रियता को देखते हुए इसे पैन इंडिया रिलीज किया गया था, जिससे इसे पूरे देश में शानदार प्रतिक्रिया मिली। इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

### दो अक्टूबर को आएगी यह फिल्म

ऋषभ शेट्टी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि 'कांतारा' वास्तव में इस कहानी का भाग 2 था और इसका पहला भाग यानी 'कांतारा चैप्टर 1' अब दर्शकों के सामने आ रहा है।

निर्माताओं का कहना है कि 'कांतारा चैप्टर 1' पहले से भी ज्यादा भव्य और दमदार होगी। फिल्म के एक्शन, सिनेमैटोग्राफी और कहानी को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

### 'फिल्म छोरी 2' का ट्रेलर रिलीज

## नुसरत और सोहा की हॉरर फिल्म में दिखेगा जबरदस्त डर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक बड़ी खबर आई है। नुसरत भरुचा और सोहा अली खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म समाज में लड़के-लड़की के बीच भेदभाव की कड़वी सच्चाई को डरावने अंदाज में पेश करेगी।

ट्रेलर की शुरुआत एक महिला द्वारा एक छोटी बच्ची को डरावनी कहानी सुनाने से होती है। कहानी एक राजा की है, जिसे बेटी के जन्म से गुस्सा आ जाता है और वह उसे खत्म करने का आदेश देता है। इसके बाद फिल्म की असली कहानी शुरू होती है, जिसमें नुसरत भरुचा अपने बच्चे को बचाने के लिए संघर्ष करती नजर आती हैं। वहीं, सोहा अली खान का किरदार रहस्यमय और भयावह नजर आता है।

फिल्म में एक तरफ जहां समाज की कड़वी सच्चाई को दिखाया गया है, वहीं दूसरी तरफ हॉरर और सस्पेंस का जबरदस्त तड़का लगाया गया है। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि नुसरत भरुचा का किरदार अपनी बेटी को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों ने इसे शानदार प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने कमेंट किया, "इंतजार नहीं कर सकता!" वहीं, दूसरे ने लिखा, "ओटीटी पर ऐसी शानदार कहानियां देखने को मिल रही हैं!" फिल्म मेकर्स का कहना है कि यह सीक्वल पहले पार्ट से ज्यादा डरावना और रोमांचक होगा।

'छोरी 2' साल 2021 में आई हॉरर फिल्म 'छोरी' का सीक्वल है, जिसे अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था। अब चार साल बाद इसका दूसरा भाग 'छोरी 2' 11 अप्रैल 2025 को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है और अब सभी को 11 अप्रैल का बेसब्री से इंतजार है।

### भारतीय खिलाड़ी तनुश्री का ऐतिहासिक कारनामा

## दो शतक जड़कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महिला मल्टी डे चैलेंजर ट्रॉफी में टीम-सी की तरफ से तनुश्री सरकार ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने दोनों पारियों में शतक लगाए हैं। विरोधी टीम की गेंदबाजों उनके सामने बुरी तरह से फ्लॉप रही हैं।

भारत में इस समय घरेलू क्रिकेट में महिला मल्टी डे चैलेंजर ट्रॉफी खेली जा रही है। इस ट्रॉफी में कुल चार टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिनमें टीम-ए, टीम-बी, टीम-सी और टीम-डी शामिल हैं। इसमें टीम-ए और टीम-सी के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा है। टीम-सी की तरफ से मैच में तनुश्री सरकार ने कमाल का प्रदर्शन किया है और बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया है और दोनों पारियों में शतक लगाकर ऐतिहासिक कमाल कर दिया है।

तनुश्री सरकार पहली ऐसी महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने महिला फर्स्ट क्लास मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए हैं और बेहतरीन बल्लेबाजी से ये वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। दुनिया भर में घरेलू क्रिकेट में महिला प्लेयर्स के फर्स्ट क्लास मैच बहुत ही कम होते हैं। इसी वजह से आज तक ऐसा रिकॉर्ड नहीं बन पाया। तनुश्री ने पहली पारी में 153 रन और दूसरी पारी में नाबाद 102 रन बनाए।

तनुश्री सरकार टीम-सी के लिए पहली पारी में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरीं। इसके बाद उन्होंने 278 गेंदों में कुल 153 रन बनाए, जिसमें 21 चौके और एक छक्का लगाया।

उनके अलावा कप्तान जेमिमा रोड्रिगेज ने भी शानदार 71 रनों की पारी खेली। इन दोनों महिला बल्लेबाजों की वजह से ही टीम-सी ने पहली पारी में 313 रनों का बड़ा स्कोर बनाया।

इसके बाद टीम-ए ने पहली पारी में 305 रन बनाए और इस तरह से टीम-सी ने पहली पारी के आधार पर 8 रनों की मामूली बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद टीम-सी के लिए तनुश्री सरकार ने दूसरी पारी में धमाकेदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 184 गेंदों में 102 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिगेज ने 55 रनों की पारी खेली। इन प्लेयर्स के कारण ही टीम-सी ने दूसरी पारी में 211 रन बनाए और इस तरह से मैच ड्रॉ हो गया।

## ऋतिक रोशन की 'कृष 4' में प्रीति जिंटा और नोरा फतेही की एंट्री!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कृष 4' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बार फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी खुद ऋतिक रोशन ने संभाली है। यह फिल्म 2026 में फ्लोर पर जाएगी, लेकिन उससे पहले इसकी कास्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में दो बड़ी अभिनेत्रियों की एंट्री लगभग तय मानी जा रही है। पहला नाम प्रीति जिंटा का है, जो पहले भी 'कोई मिल गया' में ऋतिक के साथ नजर आ चुकी हैं। उनकी दमदार एक्टिंग और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस को देखते हुए मेकर्स ने उन्हें एक अहम किरदार के लिए चुना है। वहीं, दूसरी बड़ी एंट्री नोरा फतेही की हो सकती है। नोरा अपनी जबरदस्त डांसिंग और स्टाइलिश अंदाज के लिए मशहूर हैं, और उन्हें फिल्म की कहानी भी काफी पसंद आई है। 'कृष 4' को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रीति और नोरा इस फिल्म में किन भूमिकाओं में नजर आती हैं।

## सुविचार

सकारात्मक सोच ही महान कार्यों की शुरुआत है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 09:41-08:12 तक | पक्ष | शुक्ल |
| नक्षत्र | आद्रा | 05:51-05:20 तक | माह | चैत्र |
| सूर्योदय | | 6:10 AM | चन्द्रोदय | 10:39 AM |
| सूर्यास्त | | 6:34 PM | चंद्रास्त | 01:23 AM |
| सूर्य राशि | | मीन राशि | चंद्र | मिथुन राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 11:57 AM –12:46 PM | ब्रह्म् मुहूर्त | 04:32-05:20 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 10:49AM–03:38PM | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

**Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay**

### राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि के साथ ही कई शुभ योग

# अचूक उपाय : हर इच्छा होगी पूरी, सफलता कदम चूमेगी !



**यूनिक समय, मथुरा।** राम नवमी का पावन पर्व 6 अप्रैल 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि के साथ ही कई शुभ योग भी बनेंगे। ऐसे में कुछ उपाय करने से इस दिन आपको राम जी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

राम नवमी हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। माना जाता है कि भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। इसलिए हर साल इस तिथि पर श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। श्रीराम को विष्णु भगवान का सातवां अवतार माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश करने के लिए धरती पर जन्म लिया था। साल 2025 में राम नवमी का त्योहार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन राम जी की पूजा करने के साथ ही आप कुछ उपाय करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

राम नवमी के दिन इस बार कई शुभ योग भी बनने जा रहे है। इस दिन रविवार है और पुष्य नक्षत्र भी है ऐसे में रवि पुष्य नामक शुभ योग इस दिन बनेगा। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी इस दिन बन रहा है जिसमें पूजा आराधना और उपाय करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके साथ ही सुलक्ष्मी योग, बुधादित्य राजयोग और मालव्य राजयोग भी राम नवमी के दिन विद्यमान रहेंगे। राम नवमी के दिन आपको भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा विधि–विधान से करनी चाहिए। इस दिन रामचरितमानस, सुंदरकांड आदि का पाठ करना शुभ माना जाता है। राम जी की पूजा करने के बाद कुछ उपाय आपको करने चाहिए, जिन्हें करने से आपके जीवन में सुख–समृद्धि और संपन्नता आ सकती है। रामनवमी के दिन आपको राम जी के नाम का जप करना चाहिए। साथ ही 'ॐ श्रीरामाय नमः' या 'जय श्री राम' मंत्र का भी आप कम से कम 108 बार जप कर सकते हैं। इस मंत्र का जप करने से आपको मानसिक शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है। इस दिन आपको राम जी की पूजा के साथ ही उन्हें नए वस्त्र भी अर्पित करने चाहिए। साथ ही माता सीता को श्रृंगार का सामान चढ़ाएं। ऐसा करने से आपके दांपत्य और प्रेम जीवन में सुख–समृद्धि आती है।

प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान जी की उपासना से इस दिन विशेष फल मिलता है। आप इस दिन हनुमान चालीसा या फिर बजरंग बाण का पाठ भी कर सकते हैं। यह उपाय करने से आपको श्रीराम और हनुमान दोनों की कृपा प्राप्त होती है और जीवन की विघ्न–बाधाओं का अंत होता है।

हिंदू धर्म में दान का बड़ा महत्व है और पवित्र दिनों पर दान करने से इसका फल और अधिक बढ़ जाता है। इसलिए राम नवमी के दिन आपको जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, कपूर, जल कलश, घंटी, ध्वज, दीप और धन आदि दान करना चाहिए। दान करने से ईश्वर के आशीर्वाद के साथ ही आपको मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।

राम नवमी के दिन आपको जल में तुलसी के कुछ पत्ते डालकर स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से पाप कर्मों से तो आपको मुक्ति मिलती ही है साथ ही आरोग्य भी आप प्राप्त करते हैं।

जो दंपत्ति योग्य संतान की प्राप्ति करना चाहते हैं उन्हें राम नवमी के दिन एक लाल कपड़े में नारियल बांधकर उसे माता सीता और श्रीराम को अर्पित करना चाहिए। मान्यताओं के अनुसार यह उपाय आपकी मनोकामना को पूरा करता है।

भगवान राम शिव के और शिव राम के उपासक माने जाते हैं। ऐसे में राम नवमी के दिन राम जी की पूजा के साथ ही आपको भगवान शिव की भी उपासना करनी चाहिए। इस दिन अगर आप 108 बार शिव जी के मंत्र– 'ॐ नमः शिवाय' का जप करते हैं तो आपको धन–धान्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# वात्सल्य ग्राम में सर्व मंगला मंदिर से मां का डोला निकला



सर्व मंगला मां के निकाले डोला की झांकी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** वात्सल्य ग्राम स्थित भगवती मां सर्वमंगला मंदिर में नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। प्रतिदिन मां का श्रृंगार, अभिषेक, भजन–पूजन आदि के साथ–साथ लोक कल्याण यज्ञ भी किया जाता है। भगवती मां सर्व मंगला का विग्रह सिंदूर से बना जो मथुरा–वृन्दावन में एकमात्र है, जिसे जिसमें 51 किलो सिंदूर एवं देसी के मिश्रण से तैयार किया गया है। माँ सर्वमंगला चौदहवीं नित्य विद्या हैं जिनका स्वरूप सर्व कल्याणकारी है। सर्वमंगला की उपासना कर मन की मुराद पूरी होती है। नवरात्रि षष्ठी पर विशेष श्रृंगार किया गया मंदिर को सजाया गया तथा सर्व मंगला मंदिर से मां का डोला सजीव झांकियों के साथ निकला गया। वात्सल्य कर्मयोगी एवं साधु संत नाचते गाते ढोलक मजीरा बजाते मस्ती में माँ का गुणगान करते हुए चल रहे थे। वात्सल्य के प्रत्येक प्रकल्प में डोले की पूजा अर्चना आरती कर स्वागत किया गया।

अंत में मंगल मानस पर यात्रा को विश्राम दिया गया। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा ने लोक कल्याणार्थ यज्ञ किया। नवरात्रि का संदेश देते हुए कहा कि नवरात्रि के 9 दिन हमें नियम–संयम, ध्यान–साधना में लगाना चाहिए। नौ देवियां महाशक्ति हैं हमें उनकी आराधना कर शक्ति और भक्ति को प्राप्त करना चाहिए यह ज्ञान अर्जित करने का समय है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर साध्वी सत्यप्रिया, साध्वी शिरोमणि, स्वामी सत्यशील, राजेश कुमार पांडेय गोकुलम की बेटियां एवं माताएँ आदि उपस्थित रहीं। यात्रा का संचालन साध्वी शिरोमणि ने किया।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष को दिया रामनवमी शोभायात्रा का निमंत्रण

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री राम जन्म महोत्सव समिति के बैनर तले श्री राम नवमी पर 82वीं शोभायात्रा 6 अप्रैल को प्राचीन राम मंदिर घीया मंडी से निकाली जायेगी। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, यज्ञ दत्त कौशिक, हरिओम शर्मा, रामकिशन पाठक, कुंज बिहारी चतुर्वेदी तथा योगेश द्विवेदी सहित धर्माचार्य एवं सनातनियों को निमंत्रण दिया गया। समिति के उपाध्यक्ष केशव पंडा ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान श्री राम का रथ दर्शनीय होगा। समिति के महामंत्री मनु ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, बैंड बाजे, गतका पार्टियां, झांकियां, लंगूर सेना आदि शामिल होंगी। इस अवसर पर चिन्मय शर्मा, योगेश गौड़, अजय श्रीवास्तव, पप्पन यादव, श्याम शर्मा, प्रशांत यादव, नरेश शर्मा तथा सर्वेश चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।


# अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन में दे ये उपहार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नवरात्रि के अंतिम दिनों में अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन छोटी कन्याओं को माता रानी का स्वरूप मानकर पूजा की जाती है और उन्हें विशेष प्रसाद एवं उपहार दिए जाते हैं।

**भोजन:** पारंपरिक रूप से हलवा, पूड़ी और काले चने का प्रसाद दिया जाता है। **दक्षिणा:** 10, 20 या 50 रुपये का नेग देना शुभ माना जाता है। **गिफ्ट आइटम्स:** चूड़ियां, बिंदी, हेयर क्लिप, स्कूली सामान (पेंसिल, नोटबुक), टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल आदि। **मिठाइयाँ और चॉकलेट:** बच्चियों को पसंद आने वाले उपहार। **धार्मिक उपहार:** देवी–देवताओं की छोटी मूर्तियाँ या चित्र।कन्या पूजन के दौरान बच्चियों को प्रसन्न करने से माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को आमंत्रित कर भोजन एवं उपहार देना अत्यंत शुभ माना जाता है।

# चमत्कारी चंद्रबदनी शक्तिपीठ: जहां मूर्ति नहीं, श्रीयंत्र की होती है पूजा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक चंद्रबदनी मंदिर चंद्रकूट पर्वत पर स्थित है। मान्यता है कि यहां माता सती का धड़ गिरा था, जिसके कारण इस स्थान को विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। समुद्र तल से 2277 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है।

स्कंद पुराण के अनुसार, जब राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया, तो माता सती ने यज्ञ की अग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया। इसके बाद, भगवान शिव उनके शरीर को लेकर आकाश में घूमने लगे। भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से माता सती के शरीर को कई टुकड़ों में विभाजित कर दिया। जहां–जहां उनके अंग गिरे, वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कहा जाता है कि माता सती का कटि भाग (कमर) चंद्रकूट पर्वत पर गिरा, और वहीं चंद्रबदनी मंदिर स्थापित हुआ।

अन्य मंदिरों के विपरीत, चंद्रबदनी मंदिर में माता की कोई मूर्ति नहीं है। यहां एक दिव्य श्रीयंत्र की पूजा की जाती है, जो मंदिर के गर्भगृह में स्थित है।

मान्यता है कि इस श्रीयंत्र की ऊर्जा इतनी प्रबल है कि इसे देखने वाले की दृष्टि प्रभावित हो सकती है। इसलिए, मंदिर के पुजारी आंखों पर पट्टी बांधकर इसकी पूजा करते हैं।

### रात्रि में अप्सराओं का नृत्य

लोक मान्यताओं के अनुसार, रात्रि के समय इस मंदिर में अप्सराएं और गंधर्व नृत्य करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि माता चंद्रबदनी देव डोली के माध्यम से प्रकट होती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। यहां साधना करने वाले संतों को सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष पूजन और अनुष्ठान किए जाते हैं। इस दौरान माता के नौ स्वरूपों की विधिवत आराधना की जाती है। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से माता की आराधना करने पर सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

## विशेष अनुरोध

प्रिय पाठकों आपका अपना यूनिक समय भरपूर कोशिश करता है कि आपके पास दिनभर की चर्चा, परिचर्चा, गतिविधियाँ और नवीनतम खबरें आप तक पहुँचाए, लेकिन फिर भी हमसे त्रुटि रह जाती हैं। आपसे अनुरोध है कि सुधि पाठक होने के नाते आप हमें अवगत कराते रहे, जिससे हम और बेहतर खबरें आपको पढ़ाते रहे। .... धन्यवाद

## फरक्का एक्सप्रेस के सामने कूदी महिला

# दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत



**यूनिक समय, औरैया।** हृदय विदारक घटना में एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फरक्का एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दी, जिससे दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज चिचौली में भर्ती कराया गया है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है।

यह घटना औरैया जिले के पाता रेलवे स्टेशन के पूर्वी यार्ड के पास हुई। बुधवार की शाम, दिबियापुर कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले व्यापारी राघवेंद्र सिंह की पत्नी नीतू कुशवाहा (29) अपने दो छोटे बच्चों के साथ घर से निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच सूचना मिली कि एक महिला ने अपने बच्चों के साथ ट्रेन के सामने छलांग लगा दी है।

मृतकों में चार साल की दिव्यांशी और डेढ़ साल का लल्ला शामिल हैं। कॉशन लगे होने के कारण ट्रेन की स्पीड कम थी, जिससे महिला गंभीर

### महिला गंभीर रूप से घायल

रूप से घायल हो गई लेकिन उसकी जान बच गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने शवों की पहचान की और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

परिजनों के अनुसार, नीतू पिछले एक साल से मानसिक बीमारी से ग्रसित थी। अचानक घर से निकलने के बाद उसका कोई पता नहीं चल रहा था। परिजनों को उम्मीद नहीं थी कि ऐसी भयावह घटना घट जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और महिला का इलाज जारी है।

## बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मासूम को कुचला, चालक फरार



**यूनिक समय, बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर जिले के चोला थाना क्षेत्र के रसूलपुर रिठौरी गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर खेल रहे ढाई वर्षीय मासूम लड्डू उर्फ ऋषि को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।

हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को गांव ले जाकर प्रदर्शन किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया, लेकिन चालक अभी भी फरार है। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय आरोपी चालक नरेंद्र सिंह फोन पर बात कर रहा था और लापरवाही में उसने मासूम को कुचल दिया। जब हादसा हुआ, तब लड्डू के माता-पिता घर पर ही मौजूद थे। शोर मचते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में बच्चे को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने समझाकर स्थिति संभाली और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह ने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बदायूं में दर्दनाक घटना

# गैस सिलेंडर से झोपड़ी में लगी आग

**यूनिक समय, बदायूं।** गर्मी के मौसम में आग की घटना बढ़ने लगी हैं। बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र से दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव जिन्सीनगरा में झोपड़ी में आग लगने से दो बच्चे जिंदा जल गए।

बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव जिंसी नगला में बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें उठीं तो चीख-पुकार मच गई। सैकड़ों लोग मौके पर आ गए और आग को बुझाने लगे। बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में सो रहे ममेरे-फुफेरे दो भाई जिंदा जल गए। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। गांव जिंसी नगला निवासी अलखराम परिवार के साथ गेहूं की कटाई करके बृहस्पतिवार को करीब एक बजे खेत से घर लौटे थे।

महिलाएं घर में खाना बनाने लगी थीं। खाना बनाते समय सिलेंडर लीकेज होने से घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें विकराल हो गईं। तेज धमाके के साथ सिलिंडर भी फट गया। घर में से

### दो बच्चों की जिंदा जलकर मौत, परिवार में कोहराम

महिलाएं व बड़ों ने तो भागकर जान बचा ली, लेकिन अलखराम का नाती छह वर्षीय सुमित व उसका फुफेरा भाई दीपक आग में फंस गया। जब तक परिवार के लोगों ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, तब तक दोनों ममेरे-फुफेरे भाई जिंदा जल गए। साथ ही एक मवेशी भी जलकर मर गई।

अलखराम ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं। दो दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। एक बेटा घर पर उनके साथ खेती में हाथ बंटाता है। करीब आठ दिन पहले उनकी बेटी ममता उसके छह वर्षीय बेटे दीपक के साथ आई थी। बृहस्पतिवार को खाना बनाते समय अचानक आग लगी।

आग से नाती सुमित व बेटी के पुत्र दीपक की आग की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों बच्चों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## प्रयागराज में सीएम योगी गरजे

# अवैध कब्जे और माफियागिरी बर्दाश्त नहीं



**यूनिक समय, प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने 579 करोड़ रुपये की 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने निषादराज उद्यान में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ओडीओपी उत्पादों को देखा।

सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवैध कब्जे और माफियागिरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए कथित अतिक्रमणों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध दावे ज्यादा दिनों तक नहीं चलेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रयागराज सहित कई स्थानों पर वक्फ के नाम पर अवैध कब्जे किए गए हैं, लेकिन उनकी सरकार ने ऐसे अतिक्रमण हटाकर कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को वक्फ बोर्ड की मनमानी पर रोक लगाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हो चुका है और अब इसे राज्यसभा में पेश किया गया है।

महाकुंभ 2025 का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश और भारत की संस्कृति और गौरव को विश्व पटल पर ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की ऐतिहासिक पहचान को खत्म करने की कोशिशें पहले की सरकारों में होती थीं, लेकिन अब यह शहर अपने धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने साफ कहा कि प्रदेश में माफिया राज का युग खत्म हो चुका है और अब कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखा जाएगा।




# एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का मिला शव

**यूनिक समय, लखनऊ।** अमेठी में एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला है। मामले की जांच की जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अमेठी के नवीन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल के साक्ष्यों को इकट्ठा किया है। मृतक पिछले दो दिनों से गौरीगंज तहसील के न्यायिक एसडीएम मो असलम के आवास पर तैनात था। होमगार्ड की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट परिसर एसडीएम के आवास बने हुए है। इसी में गौरीगंज के न्यायिक एसडीएम मो असलम का आवास भी है। एसडीएम के आवास पर गौरीगंज थाना क्षेत्र के पनियार के रहने वाले राज किशोर (56) एक तारीख से तैनात थे। रोज की तरह देर रात करीब 9 बजे राज किशोर ड्यूटी पर पहुंचे। बृहस्पतिवार सुबह एसडीएम के साथ रहने वाला व्यक्ति कमरे में पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गया।

होमगार्ड राजकिशोर का शव एक तख्ते पर पड़ा हुआ था जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडेय मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यों को इकट्ठा किया जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पूरे मामले पर गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा ने कहा कि देर रात होमगार्ड ड्यूटी पर पहुंचे थे आज सुबह उनका शव मिला है।

प्रथमदृष्टया किसी बीमारी से उनकी मौत की वजह सामने आ रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शराब के वाहन होंगे जीपीएस युक्त



**यूनिक समय, लखनऊ।** यूपी के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विभाग में बेहतर कार्यप्रणाली के लिए किए गए सुधार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब शराब की बोतलों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड होगा।

यूपी सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में अब जीपीएस युक्त वाहनों से ही मदिरा का परिवहन होगा और आबकरी लाइसेंस्ड परिसरों की जियो फेसिंग की जाएगी साथ ही बोतलों एवं पेटियों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड और क्यूआर कोड होगा। मंत्री नितिन अग्रवाल बृहस्पतिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार एवं कर चोरी रोकने हेतु कार्रवाई की गई है। विभाग में कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल से इंटीग्रेशन

### बोतलों पर होगा हाई सिक्योरिटी बार कोड

किया गया है। मदिरा एवं स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लॉकिंग की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मास फ्लो मीटर, रडार बेस्ड लेवल सेंटर एवं बॉटलिंग सेंटर बनाए जाएंगे। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग किया जाएगा और प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

# आईबी निदेशक का यूपी पुलिस मुख्यालय पर दौरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका ने लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय का दौरा किया।

## सार संक्षेप

### पीएम मोदी को बैंकॉक में गार्ड ऑफ ऑनर मिला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बैंकॉक में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### कर्नाटक : पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा हिरासत में लिए गए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बीजेपी नेता बीएस येदियुरप्पा और बी वाई विजयेंद्र हिरासत में लिए गए।

### मुंबई में पांच लोग हथियारों के साथ गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पुलिस ने हथियारों सहित पांच लोग गिरफ्तार किया। आरोपी किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे।

### यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के परिणाम जल्द

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अप्रैल के मध्य में कक्षा 10 और 12 के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करेगा।

### हिंदुस्तान पावर को 425 मेगावाट सौर परियोजना का ठेका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पावर ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 425 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका प्राप्त किया।

### आईटीआई लिमिटेड का 500 मेगावाट सोलर संयंत्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईटीआई लिमिटेड ने प्रयागराज के नैनी में 500 मेगावाट की स्वचालित सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण लाइन स्थापित करने के लिए निविदा जारी की।

### सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार को फटकार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में पांच व्यक्तियों के घरों को गिराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का आदेश दिया।

### दिल्ली के होटल संचालक की यूपी में हत्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर से लापता होटल संचालक सागर चौहान का शव उत्तर प्रदेश के शामली में बरामद हुआ।

### राज्यसभा में किरेन रिजिजू बोले

# जिस वक्फ पर विवाद नहीं, उस पर कानून प्रभावी नहीं



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सदन राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। इससे पहले लोकसभा ने बुधवार रात करीब एक बजे वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित कर दिया था। विधेयक के पक्ष में 288, जबकि विरोध में 232 मत पड़े थे। सदन ने विपक्ष के सभी संशोधनों को भी ध्वनिमत से खारिज कर दिया था।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं। इस दौरान सरकार ने एक और बात स्पष्ट की। वह थी कि इस विधेयक के कानून बनने के बाद कैसे मामलों में दखल दिया जा सकता है। सरकार ने साफ किया कि कानून पुराने मामलों पर लागू नहीं होगा। हालांकि, मंत्री ने कहा कि यह उसी स्थिति में है, जिन मामलों में कोई विवाद नहीं है।

रिजिजू ने विधेयक के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कानून लागू हो जाने के बाद जिन मामलों में कोई विवाद नहीं है, उनमें कोई दखल नहीं दिया जा सकता। उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। हालांकि, ऐसे मामले जिनमें विवाद है, जो न्यायाधिकरण में लंबित है, बातचीत चल रही है, ऐसे में ट्रिब्यूनल के अधिकार में हम दखल नहीं दे सकते। विवादित न होने की सूरत में प्रस्तावित कानून का किसी संपत्ति पर कोई असर नहीं होगा। वैसे भी जमीन राज्य सरकार का मामला है। केंद्र सरकार से उसका कोई लेना देना नहीं है।

रिजिजू ने कहा कि दुनिया का सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति भारत में है और भारत में सबसे ज्यादा जमीन भी वक्फ बोर्ड के

#### लंबित मामले कोर्ट जा सकेंगे

पास है। रेलवे और रक्षा क्षेत्र की संपत्ति देश की संपत्ति है और ये सभी देशवासी की सुविधा और रक्षा के लिए इस्तेमाल होती है। संशोधन के बाद वक्फ संपत्ति की पूरी ट्रैकिंग होगी। इससे गरीब मुसलमानों का भला होगा। रिजिजू ने कहा कि जो संपत्ति वक्फ के पास पंजीकृत है तो उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, लेकिन जो मामला विवादित है, उसमें ट्रिब्यूनल फैसला करेगी। रिजिजू ने कहा कि अब जो ट्रिब्यूनल बनेगा, उसका नियत कार्यकाल होगा। अगर ट्रिब्यूनल में आपको न्याय नहीं मिला तो सिविल मामले में किसी और अदालत में अपील कर सकते हैं। पहले ऐसा नहीं था। हमने ये बदलाव किए हैं।

रिजिजू ने कहा कि विधवा और अनाथ बच्चों के लिए संरक्षण होना चाहिए। इसलिए जिस संपत्ति में महिला का अधिकार है, उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। विधेयक से यह सुनिश्चित किया गया है पूरे परिवार की संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रिजिजू ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि हम जो कदम उठा रहे हैं, उससे मुस्लिमों को नुकसान होगा। ये गैरकानूनी है। मुसलमानों का हक छीना जा रहा है। मैं साफ–साफ कहना चाहता हूं कि ये आरोप सरासर गलत है।

### लोकसभा में गरजे राहुल गांधी, ट्रंप के टैरिफ का मुद्दा भी उठाया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में चीन ने हिंदुस्तान की 4 हजार किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह जमीन हमें वापस मिलनी चाहिए। वहीं उन्होंने ट्रंप के टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। राहुल गांधी ने एलएसी और अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ पर लोकसभा में कहा, "यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी ज़मीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को चिट्ठी लिखी है। हमें यह बात अपने लोगों से नहीं बल्कि चीनी राजदूत से पता चल रही है जो यह बात कह रहे हैं....दूसरी तरफ़, हमारे सहयोगी ने हम पर टैरिफ़ लगाने का फ़ैसला किया है। यह हमें पूरी तरह से तबाह कर देगा...भारत सरकार हमारी ज़मीन के बारे में क्या कर रही है और टैरिफ़ के मुद्दे पर आप क्या करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ममता बोलीं

## न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला स्वीकार नहीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे।

वहीं ममता बनर्जी ने विपक्षी दल भाजपा पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूछा, 'क्या भाजपा बंगाल की शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना चाहती है? पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री जेल में हैं, एमपी व्यापम मामले में कितने भाजपा नेता गिरफ्तार हुए। सुप्रीम कोर्ट के 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक्स पर लिखा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की असफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से साफ है कि ममता बनर्जी के शासन में कैसे पश्चिम बंगाल में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता को पैसे के बदले बेचा गया। इस बड़े भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए मैं विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफे की मांग करता हूं।

### लोकसभा स्पीकर ने खट्टर से कहा

## 'मंत्री जी, प्रश्नकाल में शेरों शायरी नहीं होती'

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से कहा कि उन्हें सदन में प्रश्नकाल के दौरान शेरो शायरी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान खट्टर को उस वक्त टोका जब ऊर्जा मंत्री ने एक पूरक प्रश्न का उत्तर देने के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक शायरी पढ़ी।

वह कांग्रेस के लोकसभा के सदस्य हरीश मीणा के पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इस पर बिरला ने कहा, ''मंत्री जी, प्रश्नकाल में शेरो शायरी नहीं होती।''

वहीं, कांग्रेस और कुछ अन्य



विपक्षी दलों के सदस्यों ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में कैथोलिक पादरियों पर कथित हमले के विरोध में गुरुवार को लोकसभा में नारेबाजी की तथा सदन से बहिर्गमन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और कुछ सदस्य नारे लगाते हुए आसन के निकट पहुंच गए। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और प्रश्नकाल काल शुरू कराया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

कांग्रेस सदस्यों ने इस विषय को लेकर संसद परिसर में भी नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने दावा किया कि विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने मंगलवार को दो ईसाई पादरियों पर हमला किया। उन्होंने कहा, ''अल्पसंख्यकों पर जिस तरह से हमला किया जा रहा है, उसकी यह एक और मिसाल है। संघ परिवार के लोग गिरजाघरों पर हमले कर रहे हैं। सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।''

# ट्रंप के टैरिफ ऐलान से बढ़ा वैश्विक व्यापार तनाव



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए कई देशों पर रेसिप्रोकल (पारस्परिक) टैरिफ लगाने की घोषणा की। इस निर्णय के तहत अमेरिका अब चीन से 34%, यूरोपीय संघ से 20%, जापान से 24% और भारत से 26% टैरिफ वसूलेगा। ट्रंप ने इसे "मुक्ति दिवस" करार देते हुए कहा कि अमेरिकी करदाताओं को दशकों से लूटा गया है और अब यह खत्म होगा।

ट्रंप के इस फैसले के बाद विभिन्न देशों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जवाबी कार्रवाई के संकेत दिए और कहा कि इस पर कैबिनेट में चर्चा होगी।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने इसे अनुचित बताया और कहा कि यह "दोस्त का काम नहीं है।"

ब्रिटेन ने संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह स्थिति पर नजर रखेगा।

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने

#### कई देशों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

इसे 'गलत' बताते हुए अमेरिका के साथ समझौते की कोशिशों पर जोर दिया।

चीन ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाएगा।

दक्षिण कोरिया और मेक्सिको ने भी इस फैसले के प्रभावों का विश्लेषण शुरू कर दिया है।

स्वीडन और नॉर्वे ने वैश्विक व्यापार पर इसके गंभीर असर की चेतावनी दी, जबकि चिली के राष्ट्रपति ग्रेब्रियल बोरिक ने इसे अंतराष्ट्रीय व्यापार नियमों के लिए चुनौती करार दिया।

यह टैरिफ नीति वैश्विक व्यापार संतुलन को प्रभावित कर सकती है और आने वाले दिनों में कई देशों की ओर से कड़े कदम उठाए जाने की संभावना है।

# ट्रंप के नए टैरिफ से शेयर बाजार में भारी गिरावट

**यूनिक समय,नई दिल्ली।** गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए टैरिफ लागू किए जाने से बाजार में बिकवाली हावी रही। बीएसई सेंसेक्स 805.58 अंकों की गिरावट के साथ 75,811.86 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स 182.05 अंक टूटकर 23,150.30 पर आ गया।

इससे पहले, 1 अप्रैल को भी भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई थी। सेंसेक्स 1390 अंक गिरकर 76,024.51 पर बंद हुआ था और निफ्टी 353 अंकों की गिरावट के साथ 23,165.70 पर बंद हुआ था। बाजार खुलने पर सेंसेक्स की 30 में से केवल 3 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे,

#### सेंसेक्स 806 और निफ्टी 182 अंक टूटा

जबकि बाकी 27 कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। निफ्टी 50 की 50 में से 25 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे।आईटी सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया। एचसीएल टेक 2.32%, इंफोसिस 2.20%, टेक महिंद्रा 2.05% और टीसीएस 1.98% की गिरावट के साथ खुले। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी नुकसान देखा गया। बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, और निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।






स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053